

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-190 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 04 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


**जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में बड़ा फैसला!**

# सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का स्लैब रेट रखने के प्रस्ताव को मंजूरी







### किन सामानों पर अब सिर्फ 5 फीसदी GST ?

*जिन सामानों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी कर दी गई है, उनमें हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप, साबुन की टिकिया, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर, नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, चॉकलेट, कॉफी और अन्य घरेलू सामान शामिल हैं.*

नई दिल्ली(ए)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक के नतीजे आ गए हैं। इस बैठक में आम लोगों की जेब से जुड़े कई अहम ऐलान किए गए। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी सिस्टम में सिर्फ दो स्लैब-5% और 18% रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जानकारी के मुताबिक जीएसटी काउंसिल ने 12% और 18% के स्लैब को हटा दिया है।

जीएसटी परिषद ने 2,500 रुपये तक की कीमत वाले फुटवियर एवं परिधानों को पांच प्रतिशत कर के स्लैब में रखने का निर्णय लिया। पीटीआई सूत्रों ने यह जानकारी दी। अभी तक केवल 1,000 रुपये तक की कीमत वाले जूते-चप्पल एवं परिधान पर ही पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था जबकि इससे अधिक कीमत वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जाता था। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय जीएसटी परिषद में लिए गए इस फैसले के बाद 2,500 रुपये तक के फुटवियर और परिधान अब सस्ते हो जाएंगे।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर एक बड़े जीएसटी सुधार की घोषणा की। इसका मकसद, मौजूदा जीएसटी स्लैब की रीस्ट्रक्चरिंग करना था। प्रस्ताव में चार स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) को घटाकर सिर्फ दो करने की बात कही गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नई दिल्ली में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने सौजन्य भेंट की।

## राज्यों को केंद्र का निर्देश, अवैध घुसपैठियों के लिए बनाएं डिटेंशन सेंटर; विदेशी न्यायाधिकरण को मिले नए अधिकार



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने अवैध विदेशी घुसपैठियों पर शिकंजा कसते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने-अपने क्षेत्रों में डिटेंशन सेंटर (विशेष हिरासत केंद्र) स्थापित करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक गजट नोटिफिकेशन में यह आदेश दिया गया, ताकि देश से बाहर निकाले जाने से पहले अवैध घुसपैठियों की गतिविधियों को सीमित किया जा सके और उन्हें इन केंद्रों में रखा जा सके।सरकार ने 'आव्रजन एवं विदेशी आदेश, 2025% के माध्यम से विदेशी न्यायाधिकरणों (ForeignersÓ Tribunals) की शक्तियों में भी विस्तार किया है। इस नए आदेश के तहत, यदि कोई व्यक्ति जिसकी नागरिकता पर संदेह है, वह न्यायाधिकरण के समक्ष पेश होने में विफल रहता है, तो न्यायाधिकरण उसकी हिरासत का आदेश जारी कर सकता है। नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया कि जो व्यक्ति यह साबित करने के लिए सबूत पेश नहीं कर पाता कि वह विदेशी नहीं है, और अपने दावे के संबंध में जमानत की व्यवस्था करने में भी असमर्थ है तो उसे डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा।

### भारी बारिश से उफान पर यमुना, लोगों के घरों में घुसा पानी, एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले

नई दिल्ली(ए)। दिल्ली-एनसीआर में रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई इलाकों में हुए जलभराव ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। वहीं, भारी बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं।देश की राजधानी दिल्ली में भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। निचले इलाकों में यमुना का पानी घुस गया है। कश्मीर गेट की मॉनेस्ट्री मार्केट से लेकर यमुना बाजार, वासुदेव घाट, मदनपुर खादर और निगम बोध घाट पानी से लबालब भर गया है। यमुना बाजार में तो 10 फीट से ज्यादा पानी भर गया है। इसी के साथ नोएडा के कुछ गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है, जिससे फसलें खराब हो गई हैं। दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित 7500 से ज्यादा लोगों को विस्थापित कर 25 जगहों पर राहत शिविर बनाकर ठहराया गया है।



### हिमाचल के मंडी में भूस्खलन, एक ही परिवार के 4 लोगों समेत 7 की मौत; मलबे से आती रही आवाजें

मंडी , (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरनगर क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए भीषण भूस्खलन ने कहर बरपाया। जंगम बाग बीबीएमबी कॉलोनी में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 सदस्यों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, भूस्खलन की चपेट में गुरप्रीत सिंह उर्फ सोनू का घर आ गया, जिसमें वह अपने परिवार के साथ रहता था। हादसे के वक्त घर में गुरप्रीत, उसकी पत्नी भारती (30), ढाई साल की बेटी कीरत और मां सुरेंद्र कौर मौजूद थे। भारी बारिश के चलते घर के पीछे की पहाड़ी से आया मलबा पूरे मकान पर गिर गया, जिससे सभी लोग मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों और राहत दल ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। हादसे के एक घंटे के भीतर भारती और कीरत को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। रात करीब डेढ़ बजे गुरप्रीत का और सुबह पांच बजे उसकी मां सुरेंद्र कौर का शव मलबे से निकाला गया। मृतक गुरप्रीत सिंह सुंदरनगर में प्राइवेट बस चलाता था और बीबीएमबी कॉलोनी में ही परिवार के साथ रहता था। उसके भाई परमीत सिंह ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद मलबे के नीचे से काफी देर तक लोगों की चीख-पुकार सुनाई देती रही, लेकिन भारी मलबे के कारण बचाव कार्य में समय लग गया।

## भारत के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे सिंगापुर के प्रधानमंत्री, होंगे पांच समझौते



नई दिल्ली, (ए)। अमेरिकी टैरिफ की वजह से दुनिया में बनी हुई अस्थिरता के बीच सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वांग भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पत्नी के साथ उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। गुरुवार (4 सितंबर) को नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ वांग की एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दों, आर्थिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करने सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दो सितंबर को जारी किए एक बयान के जरिए दी है। जिसमें बताया कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री के रूप में वांग का यह पहला भारत दौरा है। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लारेंस वांग, सिंगापुर की कैबिनेट के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहेगा। पीएम मोदी के अलावा देश में सिंगापुर के प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर और कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात होगी। पिछले साल सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर की यात्रा की थी। जिसके साथ ही दोनों देशों के संबंध व्यापक रणनीतिक भागीदारी के स्तर तक जा पहुंचे थे।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री की नई दिल्ली यात्रा में दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। जिनका संबंध नागरिक उड्डयन और अंतरिक्ष से है। इसके अलावा उनकी ये यात्रा भारत और सिंगापुर बहुआयामी साझेदारी में शामिल आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने के अवसरों को तलाशने में भी सहायक साबित होगी।

## उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया, बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली

बेंगलुरु (आरएनएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इसी साल 3 जून को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। अगले दिन विक्ट्री परेड का आयोजन था, लेकिन फैंस के बीच मची भगदड़ में 11 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस मामले पर आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का बयान सामने आया है।विराट कोहली के बयान को आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने कहा, जिंदगी में कुछ भी आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करता। जो हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।उन्होंने कहा, मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया। उन फैंस के बारे में सोच रहा हूं, जो घायल हुए।




### लव जिहाद : भाई की हत्या की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

दमोह, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के दमोह में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है। पटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव में, पड़ोस में रहने वाले रशीद खान नामक आरोपी ने एक युवती को उसके छोटे भाई की हत्या की धमकी देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बना लिए। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी ने 18 महीने तक उस पर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाने और उससे शादी करने का दबाव बनाया। जब युवती ने इनकार कर दिया, तो आरोपी ने उसके वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी। इस बीच, युवती की शादी भी हो गई, लेकिन आरोपी ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। 31 अगस्त को, उसने युवती के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो फेसबुक पर वायरल कर दिए। युवती ने अपने पति के साथ थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पटेरा थाना प्रभारी सरोज सिंह ने बताया कि आरोपी रशीद खान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एससी-एसटी कानून कमजोर वर्ग की स्थिति सुधारने के लिए लाया गया




### यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया हाईकोर्ट का आदेश

नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम को कमजोर वर्ग की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से लाया गया था और यह आरोपी को गिरफ्तारी से पूर्व जमानत देने पर रोक लगाता है। सीजेआई बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी की। पीठ ने जातिगत अत्याचार के आरोपों का सामना कर रहे आरोपी को अग्रिम जमानत देने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहाकि धारा 18 के प्रावधान और उसके तहत तय किये गए प्रतिबंध को उस उद्देश्य और प्रयोजन के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जिसके साथ संसद ने एससी-एसटी अधिनियम, 1989 को अधिनियमित किया था। पीठ ने कहा कि यह कानून अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उपायों को लागू करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। कोर्ट ने कहा कि अंतर्निहित विचार यह तय करना है कि इन वर्गों से संबंधित लोगों को उनके नागरिक अधिकारों से वंचित न किया जाए, उन्हें अपमान का सामना न करना पड़े और उन्हें अपमान और उत्पीड़न से बचाया जाए।

पीठ ने कहा कि यह एक सख्त प्रावधान प्रतीत होता है और यह सामाजिक न्याय प्राप्त करने और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के लिए समाज के अन्य वर्गों के समान ही बराबर का दर्जा सुनिश्चित करने के संवैधानिक विचार को रेखांकित करता है। पीठ ने शिकायतकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के 29 अप्रैल के आदेश के विरुद्ध दायर अपील को स्वीकार कर लिया।

### सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, रिवर्स ट्रैप के तहत 22 लाख की रिश्वत देते दो को पकड़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक अभूतपूर्व और प्रेरणादायक घटना सामने आई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 22 लाख रुपए की रिश्वत देते वक्त दो व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस मामले में सबसे खास बात यह रही कि रिश्वत देने वालों को पकड़ा गया, यानी यह एक रिवर्स ट्रैप ऑपरेशन था।


इस पूरे प्रकरण में जीएसटी इंटेलिजेंस निदेशालय के अधीक्षक ने सबसे सराहनीय भूमिका निभाई, जिन्होंने रिश्वत का प्रस्ताव मिलते ही उसे स्वीकार करने के बजाय सीबीआई को इसकी सूचना दी।

सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए दो व्यक्तियों की पहचान राम सेवक सिंह और सचिन कुमार गुप्ता के रूप में हुई है।

ये दोनों आरोपी उस समय सीबीआई के जाल में फंसे, जब वे एक ऑनलाइन कंपनी के टैक्स चोरी के मामले में राहत दिलाने के लिए संबंधित जीएसटी अधीक्षक को 22 लाख रुपए की रिश्वत की पेशकश कर रहे थे।

### क्या पूरा जिला दे देंगे? 3000 बीघा जमीन प्राइवेट कंपनी को देने पर भड़का हाईकोर्ट , सरकार से मांगा जवाब

गुवाहाटी(आरएनएस)। असम के आदिवासी बहुल दीमा हसाओ जिले में एक निजी सीमेंट कंपनी को 3,000 बीघा (करीब 1,000 एकड़) जमीन आवंटित करने के मामले पर गौहाटी हाई कोर्ट ने नाराजगी और हैरानी जताई है। 22 स्थानीय निवासियों की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की, क्या हो रहा है? एक निजी कंपनी को 3,000 बीघा जमीन दी जा रही हैज् क्या पूरा जिला दे देंगे? सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय कुमार मेधी ने कहा कि अदालत इतने बड़े भू-भाग के आवंटन से 'परेशान और स्तब्ध' है। हाई कोर्ट ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि क्या इस विशाल परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी ली गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस मेधी और राज्य के महाधिवक्ता देबोजीत सैकिया के बीच इस बात पर तीखी बहस हुई कि संविधान की छठी अनुसूची के तहत आने वाले क्षेत्र में महाबल सीमेंट को इतनी अधिक जमीन क्यों दी गई। जब मामले से संबंधित भूमि का अधिकार क्षेत्र रखने वाली एनसी हिल्स स्वायत्त परिषद (NCHAC) के वकील ने कुछ दस्तावेज पेश किए, तो कोर्ट ने उन्हें पूरी फाइल पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस मेधी ने कहा, हमारा उद्देश्य कुछ कागजात देखना नहीं, बल्कि उस पूरी फाइल को देखना है जिसमें जमीन के इतने बड़े हिस्से को एक निजी फर्म को आवंटित करने का निर्णय लिया गया।







# जिलों में उर्वरक वितरण में अव्यवस्था के लिए कलेक्टर होगें उत्तरदायी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

–जिला प्रशासन, उर्वरक उपलब्धता और वितरण के संबंध में किसान संगठनों से निरंतर सम्पर्क और संवाद बनाए रखें

–उर्वरक वितरण व्यवस्था की हो सघन मॉनीटरिंग और अनुचित गतिविधियों पर करें कठोर कार्यवाही

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिलों में उर्वरक वितरण के संबंध में जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्था बनाए। उपलब्ध उर्वरक की उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद और संपर्क में रहे। उर्वरक वितरण की व्यवस्था में किसान संगठन के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। जिलों में यदि उर्वरक वितरण को लेकर अव्यवस्था होती है तो उसके लिए जिला कलेक्टर उत्तरदायी होंगे। राज्य सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में उर्वरक वितरण की स्थिति की बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अधिकारी उपस्थित थे। सभी जिले के कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी वर्चुअली जुड़े।



### किसानों को जिले में उपलब्ध उर्वरक की वास्तविक स्थिति से निरंतर करवाये अवगत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा की जाए। साथ ही जिले में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा करें, इससे किसानों को जिले में उर्वरक उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन डबल लॉक, पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का आकस्मिक सत्यापन और उनकी मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से करें। अतिरिक्त विक्रय केन्द्र की आवश्यकता होने पर उनका संचालन तत्काल आरंभ किया जाए। कृषि, सहकारी बैंक, विपणन संघ के अधिकारी निरंतर सम्पर्क में रहें।

### उर्वरक से संबंधित अवैध गतिविधियों के लिए हुईं 53 एफ.आई.आर और 88 लायसेंस किए निरस्त

बैठक में खरीफ 2025 के लिए यूरिया, डी.ए.पी, एन.पी.के, एस.एस.पी, एम.ओ.पी तथा डी.ए.पी + एन.पी.के की उपलब्धता, ट्रांजिट की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई।

साथ ही नेनो एवं जैविक उर्वरक वितरण कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध परिवहन और नकली उर्वरक आदि से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 53 एफ.आई.आर दर्ज की गई और 88 लायसेंस निरस्ती, 102 लायसेंस निलंबन सहित 406 विक्रय प्रतिबंधित की कार्यवाही की गई।

## विविध-समाचार

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल (आरएनएस)। जहांगीराबाद इलाके में रहने वाली नवविवाहिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस ने बॉडी को हमीदिया अस्पताल की मर्चूरी में रखवा दिया था। बुधवार दोपहर जब बॉडी परिजनों को सौंपी गई तो महिला के गले में पहना सोने का मंगलसूत्र नहीं था। परिजनों का आरोप है कि शव रखवाते समय मंगलसूत्र गले में था। परिजनों ने डीन कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है।जहांगीराबाद थाना प्रभारी सीबी राठौर ने बताया कि 20 वर्षीय लक्ष्मी विश्वकर्मा पति दीपक विश्वकर्मा बरेली जिला रायसेन निवासी थी। दीपक भी वहीं का रहने वाला है। शादी के बाद दीपक काम की तलाश में भोपाल आया था। दोनों की शादी फरवरी में हुई थी। करीब पांच महीने से दोनों बरखेड़ी में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। पति घटना के समय घर पर नहीं था।पत्नी घर में अकेली थी। पड़ोसियों ने उसे पत्नी की मौत की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई की, बॉडी को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। बुधवार को उसका पीएम कराया गया है। परिजनों के आरोपों की जांच हमीदिया अस्पताल के डीन कराएंगे।मृतका के पिता हल्के विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें दामाद और ससुराल वालों पर किसी प्रकार का संदेह नहीं है। बेटी ने कभी किसी परेशानी का जिक्र भी नहीं किया। लिहाजा सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।मृतका के पति दीपक ने बताया कि पत्नी को जब अस्पताल लाए गले में मंगलसूत्र था। शव मर्चुरी में रखवाने से पहले तक उसके गले में मंगलसूत्र था। पीएम के बाद जब बॉडी को सौंपी गई तो मंगलसूत्र चोरी जा चुका था।

प्रभारी डीन डॉ. आरपी कौशल ने कहा शिकायत के आधार पर फॉरेंसिक विभाग से जबाव मांगा गया है। मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### महापौर डोल ग्यारस चल समारोह में हुई सम्मिलित

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय दुर्गा चौक बरखेड़ी में डोल ग्यारस चल समारोह में सम्मिलित हुई और धर्मलाभ अर्जित किया।महापौर मालती राय बुधवार को डोल ग्यारस के अवसर पर दुर्गा चौक बरखेड़ी से प्रारंभ हुए डोल ग्यारस चल समारोह में सम्मिलित हुई और धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, पूर्व पार्षद दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में चल समारोह आयोजक संस्था सकल पंच सदर यादव समाज के पदाधिकारी व श्रद्धालुजन मौजूद थे।

### आयकर विभाग की साइंस हाउस पर कार्रवाई

भोपाल (आरएनएस)। साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग के छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं। इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं। जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। कंपाइल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को अलग से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई आज बुधवार को भी जारी है।आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है। विदेश में उनकी संस्था और कारोबार की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में ईडी की एंट्री भी तय मानी जा रही है। यह भी पता चला है कि जितेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य के यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया गया है।

### प्रेमिका की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। पंचशील नगर में रहने वाली युवती का मोहल्ले में ही रहने वाले युवक से प्रेम-प्रसंग था। घर वालों के कहने पर युवती जब दूसरे युवक से शादी करने को तैयार हो गई तो प्रेमी इस बात से नाराज हो गया। इसी नाराजगी के चलते उसने गला रेतकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।19 वर्षीय रोशनी पुत्री एजाज पंचशील नगर में रहती थी। उसके पिता फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करते हैं, जबकि अन्य परिजन चक्की चलाते हैं। सोमवार रात परिवार वालों के साथ भोजन करने के बाद रोशनी मकान के ऊपर वाले अपने कमरे में सोने के लिए चली गई थी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात बजे परिजन पहुंचे तो कमरे में उसका शव पड़ा मिला और गला कटा हुआ था।कमरे में काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम से घटनास्थल का परीक्षण कराया और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि युवती की हत्या उसके पूर्व प्रेमी मुबीन ने की थी। वह युवती से प्रेम करता था तथा शादी करना चाहता था। जून के महीने में युवती ने घर वालों के कहने पर दूसरे युवक से सगाई कर ली। अक्टूबर में उसकी शादी होने वाली थी। इस बात से मुबीन नाराज था। उसने युवती से कहा कि तुम शादी करने से मना कर दो। युवती परिजनों की मर्जी के खिलाफ जाने को तैयार नहीं थी। वह सबसे नजर बचाकर युवती के कमरे में पहुंचा और गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## राज्य स्तरीय एडवाइजरी की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। राज्य स्तरीय एडवाइजरी बैठक का बुधवार को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम 23 सितम्बर 2025 की आगामी कार्ययोजना, विभागों के बीच समन्वित संचालन तथा एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न आयुवर्गों में आई.एफ.ए. अनुपूरण, एनीमिया स्क्रीनिंग, प्राइवेट स्कूलों में क्रियान्वयन की चुनौतियाँ एवं व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के साथ-साथ डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर के प्रसार (Dissemination) एवं एनीमिया स्क्रीनिंग गतिविधि का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रदेश में एनीमिया की रोकथाम और उपचार की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित हो सके।बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सीबीएसई स्कूल, तकनीकी शिक्षा विभाग, मदरसा शिक्षा, एनएसएस, पंचायती राज संस्थान, नेहरू युवा केन्द्र सहित यूनिसेफ, Evidence Action तथा Nutrition International के राज्य प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी कर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं आईईसी सामग्री का विमोचन मिशन संचालक, एनएचएम द्वारा किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम की जनजागरूकता एवं जनसहभागिता को नए आयाम प्रदान करेगा। साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया कि छूटे हुए बच्चों को 26 सितम्बर 2025 को मॉप-अप दिवस पर कृमिनाशक दवा प्रदान की जाएगी, ताकि अभियान का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित हो सके।



### चार माह के बच्चे को जटिल हार्ट सर्जरी से मिली जिंदगी

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के बाग मुगलिया क्षेत्र में रहने वाले राजन (परिवर्तित नाम) के घर में आज से लगभग 4 महीने पहले जन्म लिए उनके बेटे ने घर को खुशियों से भर दिया। लेकिन जन्म के लगभग 15- 20 दिन बाद ही उनका बेटा बार-बार बीमार पड़ने लगा। कभी तेज सर्दी खांसी, बुखार तो कभी तेज सांस लेना। सांस लेने में तकलीफ होने पर बच्चों का रात-रात भर जोर-जोर से रोते रहना मां-बाप को लगातार परेशान करने लगा। माता-पिता ने आसपास के डॉक्टर को दिखाया भी, लेकिन इलाज से कोई स्थाई आराम नहीं मिला।इसी बीच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का दल बागमुगलिया क्षेत्र की आंगनवाड़ी में बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचा। बच्चे के परीक्षण में टीम को ये लगा कि बच्चे को हृदय संबंधी कोई समस्या अवश्य है।

### *अपने अनुभव और प्रयासों से वंचित और गरीबों की मदद करें : राज्यपाल श्री पटेल*

*राज्यपाल से केन्द्रीय सचिवालयीन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट*

*भोपाल (आरएनएस)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अधिकारी अपने अनुभव को जनकल्याण के कार्यों में लगाए। हमेशा प्रयास करें कि आमजन की समस्याएं दूर हो। उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिले। ग़रीब, वंचित और जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची जनसेवा है। यह पुण्य का काम है। राज्यपाल श्री पटेल सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित 89वें ई-मिड-कॅरियर प्रशिक्षण के तहत केंद्रीय सचिवालयीन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी, वरिष्ठ अवर सचिवों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' के मूल मंत्र से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग तक पहुँच रही है। पीएम जनमन योजना और धरती आबा जैसे विशेष कार्यक्रमों से जनजाति कल्याण की दिशा में अभूतपूर्व कार्यों हो रहे हैं।*

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरुद्ध होगी दंडात्मक कार्रवाई

भोपाल (आरएनएस)। पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध एवं भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, हाईक, एस.एम.एस. टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साइट आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि, जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या सांप्रदायिक विद्वेष पैदा हो सकता है, उन्हें प्रसारित नहीं करेगा।

### पुरातन काल से, भारतीय शिक्षा पद्धति एवं न्याय पद्धति विश्व में सर्वश्रेष्ठ : मंत्री श्री परमार

**मूल्यांकन की पारदर्शिता के लिए डिजिटल मूल्यांकन की बना रहे हैं कार्ययोजना**



भोपाल(आरएनएस)। विद्यार्थियों की परीक्षाओं के मूल्यांकन की पारदर्शिता के लिए, डिजिटल मूल्यांकन की कार्ययोजना बना रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया पारदर्शी और सटीक हो सकेगी।

साथ ही विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं की सार्वजनिक उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित होटल पलाश रेसीडेंसी के सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर कही। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय, आवंटित भारतीय भाषाओं जैसे कन्नड़, गुजराती, तमिल, तेलगु, बांग्ला, असमिया आदि को सिखाने की कार्ययोजना पर क्रियान्वयन कर रहे हैं। इससे हिंदी भाषी मध्यप्रदेश से, देश भर में सभी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान के भाव का संदेश जाएगा। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुसरण में, शिक्षा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं।

## खाद्य विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



भोपाल(आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा बैरागढ़ में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों होटल, किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं को दुकान में स्वच्छता रखने एवं खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखने के लिएनिर्देशित किया गया एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं को समझाइश दी गई कि किसी भी दशा में दूषित एवं खराब खाद्य सामग्री का विक्रय न करें। साथ ही खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। निरीक्षण किए गए प्रतिष्ठानों में नैना चाट भंडार से आलू बड़े का नमूना, बस स्टैंड पर संचालित बालाजी पूड़ी भंडार से मैदा का नमूना, नीलम रेस्टोरेंट से सोयाबीन तेल का नमूना और सौरभ प्वाइंट किराना दुकान से घी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में जेके रोड स्थित चौकसे रेस्टोरेंट से दाल, चावल, आलू-मटर की सब्जी एवं आटा के नमूने एवं गोविंदपुरा स्थित सेलर्स बेकरी से ब्रेड के सैंपल संगृहित किये। उक्त सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर जांच परिणाम के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी विश्वकर्मा और जेपी लववंशी उपस्थित रहे।

## सांसद शर्मा की अध्यक्षता में ट्रैफिक व्यवस्था संबंधी बैठक संपन्न




भोपाल।(आरएनएस)। सांसद आलोक शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में भोपाल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के लेफ्ट टर्न, ब्लैक स्पॉट्स हेतु पीडब्ल्यूडी एवं नगर निगम द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

सांसद शर्मा ने ट्रैफिक रूट में आ रहे एमपीईबी के खंभों को हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही कंडम वाहनों के संबंध में कार्यवाही में गति लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने भोपाल शहर में सर्वेलेंस कैमरे लगाए जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, डीसीपी मुख्यालय श्रद्धा तिवारी, एडिशनल डीसीपी बसंत कोल, एसीपी ट्रैफिक अजय बाजपेयी, विजय दुबे, सभी एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

**अगस्त में 2 करोड़ 41 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में मिली 3 करोड 30 लाख की रियायत**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह अगस्त-2025 में कुल दो लाख 41 हजार 592 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ छूट का लाभ दिया गया, जिसकी कुल राशि 3 करोड़ 30 लाख रूपए है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है। स्मार्ट मीटर के फायदे ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है। बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। ऐप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं। ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे ऊर्जा



की खपत को बेहतर बना सकते हैं। ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने और नियंत्रित करने की सुविधा मिलती है। ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है। ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद कर सकता है।

### राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

भोपाल (आरएनएस)। अपर मुख्य सचिव (गृह) जे. एन. कंसोटिया, आईएएस के सेवानिवृत्ति अवसर पर बुधवार को राज्य सैनिक बोर्ड, मध्यप्रदेश के निदेशक ब्रिगेडियर अरुण नायर, एसएम एवं निदेशालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर निदेशक ब्रिगेडियर नायर ने कंसोटिया द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और उनकी दूरदर्शिता एवं संवेदनशीलता की सराहना की।कंसोटिया ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिक समुदाय को राष्ट्र का गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# जबलपुर : बरगी बांध लबालब, 9 गेट खोलकर छोड़ा जा रहा पानी



जबलपुर, (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रानी अवंती बाई सागर परियोजना के बरगी बांध अब अपने उच्चतम भराव स्टार से अधिक हो चुका है जिसके चलते उसके नो गेट खोले गए हैं। बांध का अधिकतम जलस्तर 422.76 मीटर है परंतु बुधवार सुबह 8 बजे बांध का जलस्तर 422.85 मीटर दर्ज किया गया। वर्तमान में बांध की जल उपयोगी क्षमता 3205.50 एमसीएम है, जो 100.80त्न पर पहुंच चुकी है। फिलहाल बांध में पानी की आवक 1001 क्यूसेक है। जलस्तर नियंत्रित करने के लिए गेटों से जल निकासी 200 क्यूसेक से बढ़ाकर 1097 क्यूसेक की जा रही है। इसके लिए 9 गेट औसतन 0.78 मीटर ऊँचाई तक खोले गए हैं। जल निकासी बढ़ने से माँ नर्मदा के घाटों और तटीय क्षेत्रों पर 5 से 6 फीट तक पानी का स्तर बढ़ने की संभावना है। सहायक यंत्री बाढ़ नियंत्रण बरगी बांध ने आम जनता से अपील की है कि नर्मदा नदी के घाटों व किनारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## शिवपुरी : किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने पुरुषोत्तम रावत

शिवपुरी(ए.)। मध्य प्रदेश में किसानों और आमजन के हितों की आवाज उठाने वाले किसान नेता पुरुषोत्तम रावत को प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस इकाई शिवपुरी जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है, ज्ञात हो कि रावत करैरा सहित सम्पूर्ण जिले में कई वर्षों से जनता की सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं, इसलिए आज इनको जिलाध्यक्ष का पद मिलना पद के साथ न्याय है। पुरुषोत्तम रावत को जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर पार्टी के वरिष्ठ जनों, कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## 20 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

दतिया (ए)। कलेक्टर स्वप्निल वानखडे द्वारा सेवढ़ा विकासखंड के 10 एवं भाण्ड़ेर विकासखंड के 10 हल्का पटवारियों द्वारा गिरदावरी की न्यूनतम प्रगति के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन हल्का पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें सेवढ़ा विकासखंड के अश्विनी कनेरिया हल्का 25 मरसेनीखुर्द, श्रीमती रत्ना पटेल हल्का 7 मंगरोल, सोनू साहू हल्का 13 सेवढ़ा, दीपनारायण गौड़ हल्का खमरौली, विपिन चौधरी हल्का जसावी, पुष्पेन्द्र कुमार जाटव पहल्का वरगुंवा, हरिओम शर्मा हल्का लहरांकलां, विवेक तिवारी हल्का कंजोली, संदीप परिहार हल्का खैरोनाघाट, श्रीमती कल्पना निरंजन हल्का चकबेना शामिल है। इसी प्रकार भाण्ड़ेर विकासखंड के हल्का पटवारी रामकुमार यादव हल्का ततारपुर, रवि वर्मा पहल 3 जौरा, रविकांत श्रीवास्तव हल्का बरचौली, श्रीमती शशि प्रभा झा हल्का बेरछ, श्रीमती मेघा गुप्ता हल्का सोहन, नरेश जाटव हल्का इमिलिया, विवेक सोनी हल्का स्योरा, दीपक अहिरवार हल्का सोड़ा, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव हल्का रामनेर, श्रीमती उमा कोरी हल धौड़ के नाम शामिल है। उक्त पटवारियों की गिरदावरी की प्रगति न्यूनतम है, कार्य में प्रगति लाने के संबंध में पटवारियों को बार निर्देशित किया गया परंतु आज दिनांक पोर्टल पर प्रगति न्यूनतम रही।

# कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

## बाइक रैली निंकाल जताया विरोध

बुरहानपुर (ए.)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बिहार प्रदेश में वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में बड़ी गड़बड़ी के साथ वोट चोरी को अभियान के रूप में लेकर पूरे देश में चलाया है वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत बुरहानपुर में भी शहर और जिला कांग्रेस की ओर से गांधी चौक से कलेक्ट्रेट तक बाइक रैली का आयोजन किया जाकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक की अगुवाई में निकल गई इस रैली में कांग्रेस के सभी गुटों से नेता नजर आए गांधी चौक से रवाना हुई बाईक रैली में पार्षदों सहित अन्य नेता नजर आए जो भाजपा के वोट चोरी के मुद्दे पर नारेबाजी करते देखे गए वहीं दूसरी और भाजपा इस अभियान को दबाने और सुर्खियों में बने रहने को लेकर राहुल गांधी के एक बयान को निशाना बनाकर आंदोलन कर राजीव गांधी का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित कर रही है भाजपा कांग्रेस और राहुल गांधी से इतनी भयभीत है कि उसका बड़ा और छोटा नेता सभी कांग्रेस और राहुल गांधी की बुराई कर उन्हें समाचार पत्रों में पब्लिसिटी दिला रहे हैं ।



# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

### शहर से सटे भाटखेड़ी ग्राम में स्थित 4 बीघा सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई



ग्वालियर (ए.)। जिले में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम व तहसीलदारों को ऐसे अतिक्रमणों को अभियान बतौर हटाने के निर्देश दिए हैं जो विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं। साथ ही आमजन के आवागमन को प्रभावित कर रहे हैं। इस कड़ी में एसडीएम झांसी रोड अतुल सिंह के नेतृत्व में गई राजस्व, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने बुधवार को ग्राम भाटखेड़ी के विभिन्न सर्वे क्रमांकों में स्थित लगभग 4 बीघा सरकारी जमीन से बेजा कब्जे हटाकर शासन का कब्जा बहाल किया। एसडीएम अतुल सिंह ने बताया कि भाटखेड़ी के अंतर्गत अवैध रूप से सरकारी जमीन पर बनाए गए दो पक्के व दो कच्चे मकान, बाउण्ड्रीवॉल एवं आरसीसी रोड को संयुक्त टीम ने नगर निगम के मदाखलत दस्ते व मशीनों की मदद से हटवाया। इसी तरह यहाँ के शासकीय सर्वे क्रमांक पर स्थित जमीन पर प्राकृतिक जल प्रवाह में बाधा बन रही अवैध पुलिया व सड़क को भी मशीनों की मदद से हटाए गए। बुधवार को की गई इस कार्रवाई में कुल 4 बीघा शासकीय जमीन से बेजा कब्जे हटाकर शासकीय आधिपत्य लिया गया है।

## ग्राम तखा (मजरा) में अवैध रूप से विक्रय करते हुये मदिरा जप्त

टीकमगढ़ (ए.)। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी हसनलाल गोहिया के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसीक्रम में मंगलवार को ग्राम तखा (मजरा) में मुखविर की सूचना पर अवैध रूप से विक्रय करते हुये मदिरा जप्त की गई। तदनुसार तखा (मजरा) में सलीम खॉन तनय स्व.दिलदार खॉन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम तखा (मजरा) थाना देहात टीकमगढ़ के कब्जे से 44 लीटर विदेशी मदिरा बियर एवं 09 लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिट शराब कुल 53 बल्क लीटर विदेशी शराब कीमत लगभग रुपये 12850 जप्त की गई। उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# जन समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से सहयोग करेंगे : विधायक श्री रोहाणी

## भू-माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें : कलेक्टर श्री सक्सेना

जबलपुर (ए.)। विधायक अशोक रोहाणी ने आज कलेक्ट्रेट में विधानसभा केंट अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, एसडीएम रांझी श्रीमती मोनिका बाघमारे, तहसीलदार सुश्री जानकी उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि उनके विधानसभा में डुमना, तिलहरी क्षेत्र में भू माफियों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर भू-खंड विक्रय की जा रही है, अतः इस पर सख्ती से रोक लगाई जाये। भू-माफियों द्वारा गरीब व्यक्तियों को हटाया जा रहा है और उनकी यह कार्य प्रणाली बर्दाश्त नहीं होगी। इसी प्रकार तिलहरी में भी भू-



माफियाओं की लगातार शिकायतें मिल रही है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाये। विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त मकान व प्रभावित लोगों को आरबीसी 6(4) के तहत जो राहत मिलती है उसकी सूची उन्हें प्रदाय की जाये। मोहनिया में औद्योगिक गतिविधियों के लिए भू-खंड के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व लोगों के आवेदन लेने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाये। साथ ही गोकलपुर तालाब के आस-पास निवारत लोगों के संबंध में भी सकारात्क चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से सहयोग करेंगे।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाये और जहां कहीं भी अवांछित गतिविधियां होती हैं, उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

## व्यापार समाचार

# इनकम टैक्स रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख नजदीक, चुटकियों में ऐसे जमा करें आईटीआर

नई दिल्ली (ए.)। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की वेबसाइट के मुताबिक 31 अगस्त तक 4.18 करोड़ लोग आईटीआर जमा कर चुके हैं, जिसमें से 3.98 करोड़ रिटर्न को वेरिफाई किया जा चुका है। वहीं, 2.74 करोड़ वेरिफाइड रिटर्न को प्रोसेस किया जा चुका है।

माना जाता है कि आईटीआर फाइलिंग के लिए आपको सीए या किसी वित्तीय पेशेवर की आवश्यकता होती है, लेकिन अगर आप नौकरी करते हैं या फिर ऐसे करदाता है, जिसके लेनदेन ज्यादा जटिल नहीं है तो आप आसानी से स्वयं अपना आईटीआर दाखिल कर सकते हैं। अगर आप वेतनभोगी हैं और आपके पास नियोक्ता द्वारा जारी किया गया फॉर्म 16 है, तो आपको सीए की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप आईटीआर फॉर्म-1 (सहज) भरकर अपना रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। यह फॉर्म वेतनभोगी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और सामान्य आय वालों के लिए बनाया गया है। हालांकि, जिन लोगों की व्यावसायिक आय, पूंजीगत लाभ, अंतरराष्ट्रीय लेनदेन या विभिन्न छूट/कटौतियां हैं, उन्हें आईटीआर के अन्य



फॉर्म (जैसे आईटीआर-3, आईटीआर-4, आईटीआर-5 आदि) का उपयोग करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में, किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट या कर सलाहकार की मदद लेना सुरक्षित रहता है, क्योंकि गलत जानकारी देने पर रिटर्न अस्वीकार हो सकता है और समय पर सही रिटर्न न भरने पर जुर्माना भी लग सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कुल 7 प्रकार के आईटीआर फॉर्म उपलब्ध कराए हैं।

-आईटीआर-1 (सहज) यह वेतनभोगी, पेंशनभोगी और सामान्य आय वालों के लिए है।-आईटीआर-2 यह उन व्यक्तियों के लिए है, जिनकी आय वेतन, संपत्ति या पूंजीगत लाभ से आती है।

-आईटीआर-3 व्यवसाय या पेशेवर आय वालों के लिए है।

-आईटीआर-4 (सुगम) छोटे व्यवसायों और पेशेवरों के लिए है।

-आईटीआर-5, आईटीआर-6 और आईटीआर-7 कंपनियों, ट्रस्टों और संस्थानों के लिए है।

जानकारों के मुताबिक, आपकी आय और निवेश जितना सरल होता है, आईटीआर भरना भी उतना ही आसान होता है। अगर आप स्वयं फॉर्म-16 का उपयोग करके आईटीआर फॉर्म-1 के जरिए रिटर्न भर रहे हैं, तो इन स्टेप का पालन करें।-इनकम टैक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। यहां आपको यूजर आईडी (पैन) और पासवर्ड दर्ज करना होगा।

-ई-फाइल का विकल्प चुनें। फिर इनकम टैक्स रिटर्न में जाएं और फाइल इनकम टैक्स रिटर्न का विकल्प चुनें।

-फिर असेसमेंट ईयर 2025-26 चुनें।

-आईटीआर फॉर्म-1 चुनें, जो कि वेतनभोगी करदाताओं के लिए होता है।

-अब प्री-फिल्ड डेटा पर क्लिक करें।

-आपका पैन, वेतन, टीडीएस और बैंक विवरण पोर्टल पर पहले से भरे होंगे। इन्हें ध्यान से देखें और जरूरत पड़ने पर बदलाव करें।-इसके बाद फॉर्म-16 की मदद से डिटेल्स भरें। सारी जानकारी भरने के बाद अपने आईटीआर को वेरिफाई करें। आप आधार ओटीपी या नेटबैंकिंग के माध्यम से तत्काल वेरिफिकेशन कर सकते हैं।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 410, निफ्टी 135 अंक ऊपर आया

मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही लिवाली (खरीदारी) बढ़ने से बाजार बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक की तेजी के साथ ही 80,567.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ हालांकि आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 368.10 अंक की तेजी के साथ 57,345.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.15 अंक की मजबूती के साथ 17,748.45 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, पीएसयू बैंक, फार्मा, कमोडिटीज और ऑटो शेयर लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। केवल आईटी और मीडिया शेयरों में ही गिरावट दर्ज की गयी।

# सोने-चांदी की कीमतों ने बनाया नया रिकॉर्ड

### सोना 1,06,199 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,25,249 प्रति किलो

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू वायदा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों ने नए रिकॉर्ड बनाए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर वायदा सोना 1,06,199 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। सुबह के कारोबार में यह कॉन्ट्रेक्ट 407 की तेजी के साथ खुला और खबर लिखे जाने तक 1,06,060 रुपए पर कारोबार कर रहा था। सोने के दामों में लगातार हो रही तेजी के पीछे वैश्विक अनिश्चितता, डॉलर में कमजोरी और सुरक्षित निवेश के प्रति बढ़ती मांग को कारण माना जा रहा है। इस महीने अब तक सोने ने 1,06,199 रुपए का नया शिखर छू लिया है। दूसरी ओर, चांदी के दामों में मंगलवार को रिकॉर्ड तेजी के बाद आज थोड़ी नरमी देखी गई। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा चांदी 89 रुपए की गिरावट के साथ 1,24,441 प्रति किलो पर खुली। दिन के दौरान यह 1,24,432 रुपए के स्तर तक फिसल गई। हालांकि इस महीने इसका उच्चतम स्तर 1,25,249 रुपए रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी मजबूत स्थिति में हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,600 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने तक 3,597.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। इसने साल का उच्चतम स्तर 3,616.90 डॉलर छू लिया है। वहीं, चांदी 41.15 डॉलर पर खुलकर 41.26 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता बनी रही तो सोने-चांदी की कीमतों में और तेजी देखी जा सकती है।



## जीएसटी कलेक्शन में बंपर उछाल, अगस्त में सरकारी खजाने में आए 1.86 लाख करोड़ रुपए, 6.5प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ए.)। अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेतों के बीच माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 में सकल जीएसटी वसूली 6.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1,74,962 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त महीने में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी कलेक्शन में 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे सरकार को 1,36,962 करोड़ रुपये मिले। इसमें केंद्रीय जीएसटी (CGST) का हिस्सा 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (SGST) का 42,854 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (IGST) का 48,639 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा उपकर (Cess) के तौर पर 11,392 करोड़ रुपये की वसूली हुई। हालांकि, आयात पर आईजीएसटी कलेक्शन में 1.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई और यह 49,354 करोड़ रुपये रहा।

मंत्रालय ने बताया कि रिफंड के बाद सरकार को मिला शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये की तुलना में 10.7 प्रतिशत अधिक है।

# न दौलत चाहिए, न पिता का नाम. ELON MUSK की बेटी की वो सच्चाई, जो आपको हैरान कर देगी

वाशिंगटन (ए.)। यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन यह सच है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क की सबसे बड़ी बेटी विवियन जेना विल्सन कंगाली में जीवन गुजार रही हैं। इसका खुलासा खुद विवियन ने एक साक्षात्कार में किया है। उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह से कंगाल हो चुकी हैं और लॉस एंजिल्स में अपने तीन दोस्तों के साथ एक कमरे में रहती हैं, ताकि उनका खर्च निकल सके।

### पिता से तोड़े रिश्ते, नहीं बनना चाहती अमीर

अरबपति एलन मस्क की बेटी विवियन, जो कि एक ट्रांसजेंडर हैं, सार्वजनिक रूप से अपने पिता से सारे रिश्ते तोड़ चुकी हैं। उन्होंने अपना सरनेम भी मस्क से बदलकर अपनी मां के सरनेम 'विल्सन' पर रख लिया था। अब उन्होंने स्वीकार किया है कि आर्थिक रूप से वह बेहद कमजोर हैं। एक साक्षात्कार में विवियन ने कहा, "मेरी मां अमीर हैं, है ना? लेकिन



जाहिर तौर पर दूसरा (मस्क)ज अकल्पनीय रूप से धनवान हैज मेरी इच्छा अति अमीर बनने की नहीं है।"

### क्या हैं भविष्य की योजनाएं?

विवियन ने बताया कि वह फिलहाल अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहती हैं और जल्द ही विदेशी भाषाओं का अध्ययन करने के लिए कॉलेज वापस जाने की योजना बना रही हैं। उन्होंने दु:खी मन से कहा कि वह अपने भोजन का इंतजाम खुद कर सकती हैं और लॉस एंजिल्स में अपनी उम्र के कई लोगों की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं।

### क्यों है पिता-बेटी में टकराव?

रिपोर्ट्स के अनुसार, विवियन और एलन मस्क के बीच गंभीर मतभेद हैं। विवियन ने सार्वजनिक रूप से अपने पिता को 'एक दयनीय पुरुष-बच्चा' तक कह दिया था। वहीं, मस्क का मानना है कि उनकी बेटी 'वोक माइंड वायरस' का शिकार हो चुकी है। कहा जाता है कि मस्क ने विवियन की लैंगिक पहचान को स्वीकार नहीं किया, जिसके कारण उनके रिश्ते में दरार आ गई।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## जनसांख्यकीय परिवर्तन साजिश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यकीय परिवर्तन सोची-समझी साजिश के तहत हो रहा है, जो देश और इसकी सीमाओं की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करता है।

उन्होंने सीमाओं से तीस किलोमीटर के दायरे में सभी अतिक्रमण हटाए जाने की बात उठाई। समुद्री और स्थलीय सीमाओं पर अतिक्रमण हटाने में सराहनीय कार्य करने के लिए गुजरात सरकार की प्रशंसा भी की।

दिल्ली में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने, वहां के प्रत्येक नागरिक को सरकारी योजनाओं का सौ फीसद लाभ देने और गांवों की सीमा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को पुख्ता करने को विकसित करने की चर्चा की।

केंद्र सरकार द्वारा फरवरी, 2023 से शुरू की गई इस योजना के तहत उत्तरी सीमा पर स्थित अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल और केंद्रशासित लद्दाख के उन्नीस जिलों के 46 प्रखंडों को व्यापक विकास के लिए लिया जा चुका है।

इनमें से कुछ को भारत का अंतिम गांव कहा जाता है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रथम गांव की संज्ञा दी है। इस देशव्यापी विकास योजना के अंतर्गत सरकार यहां महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण, सड़क मागरे की कनेक्टिविटी, स्वच्छ पेयजल, बिजली, पर्यटन और स्वास्थ्य केंद्रों के सुधार पर काम कर रही है।

बेशक, देश के सीमावर्ती गांवों की लंबे समय तक होती रही उपेक्षा के चलते स्थानीय ग्रामीणों को पलायन करना पड़ता था। रोजगार और शिक्षा, स्वास्थ तथा बेहतर जीवन यापन के लिए वे करीबी कस्बों या शहरों में जाकर बस जाते थे।

देश में तकरीबन सवा छह लाख गांव हैं जिनमें से अधिकतर कृषि, पारंपरिक उत्पादों, संस्कृति, लोक गीतों-लोक नृत्यों के अलावा नदियों, झीलों और उपज के लिए प्रसिद्ध हैं। परंतु उचित शिक्षा, रोजगार, बिजली, पेयजल और इंटरनेट की कमी के चलते नौजवान वहां रहने को राजी नहीं होते। खासकर सीमावर्ती गांवों के इंफ्रास्ट्रक्चर, संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार निश्चित करने का प्रयास कर रही है।

परंतु इन गांवों की सुरक्षा भी अहम मुद्दा है। ग्रामीण परिवार नौजवानों की सुरक्षा को लेकर भी कम आशंकित नहीं रहते। सरकारी दावों और धरातली हकीकत में कई दफा जमीन-आसमान का अंतर देखने में आता है जिससे सरकार को गंभीरतापूर्वक निपटने के प्रयासों को तेज करना आवश्यक है।

### शंघाई सहयोग संगठन का 25वां शिखर सम्मेलन तियानजिन 2025

# वैश्विक राजनीति का निर्णायक मोड़-बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर कदम बढ़ाने का मंच साबित हुआ

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

गोंदिया - शंघाई सहयोग संगठन 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तियानजिन चीन में बदलता हुआ अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य देखने को मिला।2025 की विश्व राजनीति उस मोड़ पर खड़ी है,जहाँ अमेरिकाकी पारंपरिक प्रभुत्वशाली स्थिति को गंभीर चुनौतियाँ मिल रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति,जिसमें टैरिफ औरएकतरफा आर्थिक प्रतिबंध प्रमुख हथियार हैं, ने न केवल चीन और रूस बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के साथ भी तनाव पैदा कर दिया है।दूसरी ओर, यूक्रेन युद्ध, ताइवान विवाद, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और ऊर्जा संकट जैसी घटनाओं ने दुनियाँ को अस्थिर बना रखा है। ऐसे समय में चीन के तियानजिन शहर में आयोजित 25वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन ने यह संकेत दिया कि एशिया और यूरेशिया के देश अब अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक मुलाकात नहींथा,बल्किबहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर कदम बढ़ाने का मंच था। भारत, रूस और चीन की सक्रिय भागीदारी और आपसी समीकरणों ने यह साबित किया कि पश्चिमी दबाव अब उतना प्रभावी नहीं रह गया है जितना शीत युद्ध के बाद था।एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों का पच्चीसवां शिखर सम्मेलन संयुक्त घोषणा पत्र के साथ समाप्त हो गया,31 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तकचली इस बैठक में सदस्य देशों ने आतंकवाद, ट्रंप की संरक्षणवादी नीति, रूस और यूक्रेन युद्ध, गाजा संकट एवं वैश्विक व्यवस्था पर पश्चिम के अधिपत्य के साथ कमजोर होती ग्लोबल गवर्नेंस पर अपनी चिंताएं साझा की. इन चुनौतियों से निपटने के लिए इन्होंने अपने घोषणा पत्र में भारत के द्वारा दिए गए मूल संकल्प एक पृथ्वी, एक परिवार एवं एक भविष्य पर जोड़ दिया।चूंकि एससीओ का मुख्य जोर बहुध्रुवीकृत व्यवस्था को मजबूत करते हुए तीसरी दुनिया के देशों के हितों की रक्षा करना है, इसलिए इस सम्मेलन में इन देशों की चिंताओं को रेखांकित करते हुए उसे दूर करने के प्रयास पर भी बल दिया गया।यह शिखर सम्मेलन भारत के लिए एक अवसर था, जहां एक ओर ट्रंप अपनी टैरिफ नीति से भारत की वैश्विक आकांक्षाओं को नियंत्रित करना चाह रहे हैं, तो दूसरी ओर पाकिस्तान अमेरिका के साथ शीतयुद्ध कालीन गठबंधन से भारत के शक्ति संतुलन को चुनौती देने के प्रयास में है, यह शिखर सम्मेलन वैश्विक राजनीति का निर्णायक मोड़-बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर कदम बढ़ाने का मंचसाबित हुआ इसी संदर्भ में इस शिखर सम्मेलन को समझने की आवश्यकता है।





साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम की कूटनीतिक क्रांति की करें तो,उनकी भूमिका इस सम्मेलन में बेहद अहम रही। भारतीय कूटनीति का यह नया चेहरा पश्चिम और एशिया दोनों को यह संदेश देने में सफल रहा कि भारत किसी का पिछलग्गू नहीं, बल्कि स्वतंत्र और संतुलनकारी शक्ति है।उन्होंने अपने भाषण में तीन प्रमुख बिंदु उठाए,आतंकवाद का उन्मूलन, संप्रभुता का सम्मान और वैश्विक आर्थिक संतुलन। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की संप्रभुता का उल्लंघन वैश्विक अस्थिरता को जन्म देता है। यह सीधा संदेश रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन- ताइवान विवाद दोनों से जुड़ा हुआ था।भारत की कूटनीति का यह स्वरूप अमेरिका के लिए भी चिंता का विषय है क्योंकि हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने भारत की आईटी और फार्मास्यूटिकल कंपनियों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। लेकिन तियानजिन सम्मेलन में मोदी का रवैया इस बात का प्रमाण था कि भारत आर्थिक दबावों केबावजूद स्वतंत्र विदेश नीति पर अडिग है। यही कारण है कि कई विश्लेषकों ने इसे मोदी की कूटनीतिक क्रांति नाम दिया।

साथियों बात अगर हम इस सम्मेलन के सानिध्य से मोदी- पुतिन-जिनपिंग की यारी, कूटनीति का त्रिशूल की करें तो,इस सम्मेलन की सबसे बड़ी घटना थी मोदी, पुतिन और जिनपिंग का एक साथ आना। इसे पश्चिमी मीडिया ने न्यू एशिन त्रिडेंट यानी कूटनीति का त्रिशूल कहा।अमेरिका ने हाल ही में भारत, रूस और चीन से आयातित तकनीकी उत्पादों, ऊर्जा संसाधनों और डिजिटल सेवाओं पर भारी टैरिफ लगाया था। ट्रंप का उद्देश्य था कि ये देश आर्थिक दबाव में आकर वाशिंगटन की शर्तें मान लें। लेकिन तियानजिन सम्मेलन में तीनों नेताओं की एकजुटता ने यह साबित कर दिया कि रणनीतिक साझेदारी आर्थिक प्रतिबंधों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होती हैं (1) भारत- रूस- ऊर्जा और रक्षा सहयोग ने दोनों देशों को करीब रखा है। भारत रूस से कच्चा तेल और गैस आयात बढ़ा रहा है।(2)भारत-चीन- सीमा विवादों के बावजूद दोनों देशों का व्यापार 200 बिलियन डॉलर से ऊपर जा चुका है। (3)रूस-चीन: पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच चीन रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा और तकनीकी साझेदार बन चुका है।इस त्रिकोणीय साझेदारी ने यह संकेत दिया कि अमेरिका की टैरिफ राजनीति लंबे समय तक इन देशों को कमजोर नहीं कर पाएगी।

साथियों बात अगर हम पूरे विश्व का ध्यान मोदी- पुतिन की 45 मिनट की कार डिप्लोमेसी द्वारा आकर्षित करने की करें तो, शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी और पुतिन की 45 मिनट लंबी कार यात्रा ने वैश्विक मीडिया में सुर्खियाँ बटोरीं। कार डिप्लोमेस का यह अनोखा उदाहरण इसलिए अहम था क्योंकि एक दिन पहले ही मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से फोन पर बातचीत की थी।कूटनीति विशेषज्ञ मानते हैं कि मोदी ने पुतिन तक ज़ेलेंस्की का संदेश पहुँचाया और दोनों पक्षों के बीच संवाद की संभावना पर चर्चा की। रूस और यूक्रेन केबीच संवाद की किसी भी कोशिश में भारत की भागीदारी अमेरिका और यूरोप के लिए असहज स्थिति पैदा करती है,क्योंकि इससे भारत मध्यस्थीय शक्ति के रूप में उभरता है।इसके साथ ही यह मुलाकात अमेरिका को सीधा संदेश थी कि भारत रूस से दूरी नहीं बनाएगा, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। यह वही नीति है जिसने भारत को शीत युद्ध के दौरान गुटनिरपेक्ष आंदोलन का अगुवा बनाया था जो विश्व के लिए रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम चीन के मीडिया में मोदी- जिनपिंग की दोस्ती की जबरदस्त चर्चाओं की करें तो,चीन के घरेलू मीडिया ने मोदी- जिनपिंग की मुलाकात को जिस तरह से प्रचारित किया, वह अपने आप में एक कूटनीतिक संकेत था।

चीन के प्रिंट, डिजिटल टीवी और सोशल मीडिया पर दिनभर इस दोस्ती की खबरें चलती रहीं।यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से भारत और चीन के संबंध लद्दाख सीमा विवाद और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के कारण तनावपूर्ण रहे हैं। लेकिन तियानजिन सम्मेलन में दोनों नेताओं के बीच नरमी के संकेत मिले।



जम्मू में भारी वर्षा के कारण उफान पर बह रही तवी नदी के किनारे कालका कॉलोनी का शीर्ष दृश्य।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरी झंडी दी

**अजय दीक्षित**

*दिल्ली में राष्टीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित नए क्षितिज कार्यक्रम में बोलते हुए एक प्रश्न के उत्तर में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि उनकी तरफ से राजनीति में 75 वर्ष रिटायरमेंट की आयु जैसा उन्होंने कभी कुछ नहीं कहा है न वे इस आयु रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कह दिया कि हम भारतीय जनता पार्टी के विषय में कोई आदेश देते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव में उनकी कोई भूमिका नहीं है। मोहन भागवत के इस कथन से पिछले एक साल से चली आ रही रिटायर होने की खबर पर विराम लग गया है और एक तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरी झंडी मिल गई है।*

दरअसल कुछ दिनों पहले मोहन भागवत ने स्व मोरोपंत पिंगल को उद्धत कर कह दिया था। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चल निकली



थी कि शायद मोदी 2029 से पहले अवकाश ग्रहण करेंगे और उस श्रेणी में राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, लालमणि चौबे,सहित अनेक नेता भी शामिल थे। इसी आधार पर कलराज मिश्र, होशियारी, भुवन चंद्र खंडूरी,आदि को भी अवकाश दिया गया था। नयी दिल्ली में तो बकायदा प्रधानमंत्री पद के लिए संभावित नेताओं के नाम मीडिया में आने लगे थे जिसमें सबसे बड़ा नाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ,का था। जानकार सूत्रों ने बताया है कि संघ ने इस मामले में जनता और कार्यकर्ताओं का रिएक्शन आने का इंतजार किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकल्प नहीं निकल पाया तो संघ ने स्थिति स्पष्ट करने में ही संगठन की भलाई समझी। दूसरे सर कारवाहा दत्तात्रेय होसबोले , ने भी अपनी भूमिका निभाई, ।भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मामलों के जानकार जानते हैं कि इस प्रकार के सोच विचार नागपूर में चलते रहते हैं। योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव, देवेंद्र फडणवीस, सी पी राधाकृष्णन, रेखा गुप्ता इसी विचार का परिणाम है। भारतीय जनता पार्टी जब से बनी है उसमें केवल अटल बिहारी वाजपेई ही ऐसे नेता रहे जो संघ की पकड़ से बाहर तो नहीं थे लेकिन अपने विस्तृत जनाधार के कारण संघ की मजबूरी भी थे । लालकृष्ण आडवाणी, के वो

कृष्णमूर्ति, कुशाभाऊ ठाकरे, संघ की पसंद थे।

नए क्षितिज कार्यक्रम में बोलते हुए मोहन भागवत ने और भी कई बिंदुओं को लेकर अपने विचार रखे।सबसे प्रमुख बात जो उन्होंने बताई कि 15 वीं सदी में ईरान के लोगो ने कहा कि हिमालय के उस पार वाले क्षेत्र में हदवा लोग रहते हैं। इसी से बना हिन्दू। हिंदू कोई धर्म नहीं है बल्कि भारतीय उप महाद्वीप में रहने वाला मनुष्य हिन्दू चाहे वह किसी भी धर्म को मानता हो यहां तक कि मुस्लिम भी।अभी भी मक्का मदीना में भारतीय मुस्लिमों को हिंद मुसलमान कहते हैं।

संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में इन हिन्दू लोगों के लिए ही संघ की स्थापना की थी




मेष राशि- इस राशि वालों के लिए आज का दिन ख़ास होने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, घर में भौतिक सम्पन्नता बनी रहेगी। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे घर में चहल - पहल बनी रहेगी । आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए ऑफिस में नियर से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप फैक्ट्री के वर्कर को उपहार देंगें, जिससे उनके चेहरे ख़ुशी से खिल उठेंगें और वो मन लगाकर काम करेंगें। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी व्यर्थ बात करने से बचे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ लेकर आप भविष्य में बड़ा लाभ कमायेंगें। आज आप दूसरों के कल्याण की भावना से किसी काम की शुरुआत करेंगें , जो आपकी सामाजिक छवि को और मजबूत करेगा। आज आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का मन बना सकते हैं, आज किसी डीलर के माध्यम से आपको बढ़िया डील भी मिलेगी।

कर्क राशि- आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत करेंगें, जिसके माध्यम से दूसरों को भी रोजगार मिलेगा। आज आप जीवन में एक नया दृष्टिकोण अपनायेंगें, जिससे आपके जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज इस राशि के हेल्थकेयर में अपना करियर बना रहें व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आपको सीनियर से कुछ नया सीखने को मिलेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने काम को समय से पूरा करने की कोशिश करेंगें, जिसमें आप जीवनसाथी की मदद ले सकतें हैं। इस राशि के कॉम्पटीशन की तैयारी करने वाले छात्रों को आज अपने सीनियर से किसी विषय को समझने में आसानी रहेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में ताल - मेल बना रहेगा , जीवनसाथी के साथ बेहतर समय बिताने का अवसर मिलेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्तों को मजबूती मिलेगी। आज किसी चीज को समझने के लिए पिता का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके लिए आसानी होगी। इस राशि के सरकारी नौकरी में कार्यरत व्यक्ति को ट्रांसफर से जुड़ी खबर मिल सकती है और किसी काम को लेकर आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ सकती है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपना पुस्तैनी कारोबार बहुत अच्छे से संभालेंगें , जिससे पिता को बहुत खुशी मिलेगी और गर्व भी होगा। आज आप व्यर्थ की बातों को छोड़कर अपने काम पर ध्यान देंगें, जिससे काम समय पर हो जायेगा। आज आप साफ मन से किसी की मदद करेंगें , जिसका आपको पॉजिटिव रिस्पांस मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन कर सकतें हैं, इसलिए आज आप अपना काम पूरी सावधानी से करें। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी जिससे आपको फायदा होगा। आज आपको कोर्ट - कचहरी से जुड़े मामलों में सर्तकता बरतने की जरूरत है, आप किसी अनुभवी वकील की मदद भी लें सकतें हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है स्टूडेंट्स का इंटरव्यू या वायवा है तो उसमें अवश्य सफलता मिलेगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपके परिवार में भौतिक साधनों की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपका अटका हुआ कोई सरकारी काम, किसी अधिकारी की मदद से बन जाएगा। इस राशि के खेल - कूद से जुड़े छात्र आज किसी प्रतियोगिता में शामिल होंगें और आपको अच्छे रिजल्ट्स भी मिलेंगें।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सोचे हुए अधिकतर कार्य पूरे होंगें और आप नए कार्यो की योजना बनायेंगें। आज आपके मन में बिजनेस को लेकर नए - नए आडियाज आयेंगें, इस बारें में आप किसी एक्सपर्ट की राय भी ले सकतें हैं। आज आपके शारीरिक कष्टों का निवारण होगा, जिससे आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगें।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप वो पाने में सफल रहेंगें , जिसके लिए आपने कड़ी मेहनत की थी। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकतें हैं, भविष्य में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आपको किसी करीबी के माध्यम से आर्थिक धन लाभ होगा और आपके रिश्ते भी मजबूत बनेगें।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप व्यापार में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिनका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप बच्चों के भविष्य को लेकर, इन्वेस्टमेंट का प्लान भी तैयार करेंगें।

# नक्शे राष्ट्रों के हथियार हैं, जिनकी रेखाएँ भूगोल से नहीं, ताक़त से बदलती हैं

श्रुति व्यास

नक़्शा—तीन अक्षरों का छोटा-सा शब्द, मासूमियत से भरा और तभी अक्सर नज़रअंदाज़ किया जाने वाला। हमें सिखाया गया कि यह बस दुनिया का एक चित्र है। एक पन्ना जिस पर महाद्वीप ऐसे चिपके हैं मानो नीले समुद्र पर तैरते कागज़ी कट-आउट हों। अक्षांश-देशांतर की रेखाएँ उसे थामे रहती हैं, भूमध्य रेखा बेल्ट की तरह उसे संतुलन देती है। बच्चे के लिए यह तथ्य है, छात्रों के लिए पाठ, और हममें से अधिकतर के लिए एक सामान्य आवश्यकता।

लेकिन नक़्शा, यह छोटा शब्द, असल में बहुत भारी और महत्वपूर्ण है। नक़्शे कभी मासूम नहीं होते। वे निष्पक्षता का भ्रम रचते हैं, और यही भ्रम उनकी सबसे बड़ी ताक़त है। और हम इसे महसूस नहीं करते—जब तक कि अचानक महसूस न हो जाए। एशिया फैलता जाता है, लेकिन उत्तर अमेरिका असमान रूप से बड़ा खींचा जाता है। यूरोप—छोटा-सा भूभाग—केंद्र में इतरा कर बैठा है, आकार से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास झलकाते हुए। ऑस्ट्रेलिया कोने में लटकता, ध्यान खींचने की कोशिश करता है। और अफ़्रीका—हमेशा विशाल, हमेशा अनिवार्य—नीचे खिसकाया गया, सिकुड़ा हुआ, मानो किसी शांत उपसंहार की तरह।

नक़्शा निष्पक्ष होने का दिखावा करता है, पर हर रेखा एक चुनाव है, हर छूट एक फ़ैसला, हर प्रोजेक्शन एक दृष्टिकोण। यह हमें बताता है कि कौन केंद्र में है और कौन हाशिए पर, कौन बड़ा है और कौन ग़ैर-ज़रूरी। नक़्शे दर्पण भी हैं और मिथक भी—धरती को दिखाते हुए उसे किसी की दृष्टि के अनुसार मोड़ देते हैं। नक़्शा पढ़ना मतलब राजनीति पढ़ना है—मौन में। सरहदें, अनुपात, रिक्त जगहें—सबमें नक़्शानवीस का अधिकार दर्ज होता है। सीमाएँ कहाँ खींचनी हैं, कौन-सा भूभाग उभारना है, क्या मिटा देना है—ये वैज्ञानिक दुर्घटनाएँ नहीं, दृष्टि के और अक्सर विजय के कार्य होते हैं।

वह परिचित मर्केटर नक़्शा—जो हमारी स्मृतियों में दर्ज है और आज भी गूगल पर चलता है—अब चुनौती के घेरे में है। अफ़्रीकी संघ ने कह दिया है कि बहुत हुआ, अब और बरदास्त नहीं। इस महीने उसने 16वीं सदी की मर्केटर प्रोजेक्शन—जो अब तक स्कूलों, किताबों और संस्थानों का डिफ़ॉल्ट था—को छोड़ने के अभियान का समर्थन किया। इसकी जगह ऐसा नक़्शा लाने की माँग है जो अफ़्रीका को उसके असली पैमाने पर रखे।

मर्केटर प्रोजेक्शन सच्चाई के लिए नहीं बना था। 1569 में गेरार्डस मर्केटर ने इसे नाविकों के लिए तैयार किया था—ताकि समुद्र पर सीधी रेखाएँ मिलें, न कि ज़मीन का ईमानदार अनुपात। और इसी में अफ़्रीका सिकुड़ गया और यूरोप फूल गया। यह विकृति सुविधाजनक साबित हुई- यूरोप मज़बूत दिखा, और उपनिवेशित महाद्वीप छोटे, तुच्छ। ताक़त नक़्शे पर खींची गई और अफ़्रीका को छोटा कर दिया गया।

यह केवल नक़्शानवीसों की बारीक़ी का झगड़ा नहीं, बल्कि इतिहास का घाव है। क्योंकि नक़्शे सिर्फ़ महाद्वीपों को नहीं बिगाड़ते, वे तक़दीरें भी बदलते हैं। जल्दबाज़ी में खींची गई सरहदें, भूगोल या संस्कृति की परवाह किए बिना, पीढ़ियों तक ख़ून बहाती हैं। भारत-पाकिस्तान की रेखा ऐसी ही चोट थी। ब्रिटिश वकील सिरिल रैडक्लिफ़—जिन्होंने उपमहाद्वीप में कभी क़दम नहीं रखा था—से पाँच हफ्तों में देश बाँटने को कहा गया। उनकी स्याही ने गाँव, परिवार, इतिहास बाँट डाले। यह याद दिलाते हुए कि नक़्शे राह दिखाते ही नहीं, घाव भी देते हैं।

भारत-चीन की सीमा पर भी वही भूत है। 1914 में खींची गई मैकमोहन रेखा—औपनिवेशिक अफ़सर की कलम से—आज भी विवाद का कारण है। उसकी पराई स्याही अब भी हिमालय में संघर्ष भड़काती है। और यह विकृति सिर्फ़ अतीत तक सीमित नहीं। आज भी दुनिया की नक़्शानवीस ताक़तें—अमेरिका का गूगल, चीन के राज्य एटलस, वाशिंगटन के आधिकारिक नक़्शे—सरहदों को राजनीति के दावों के अनुसार मोड़ते हैं। नक़्शे राष्ट्रों के हथियार हैं, जिनकी रेखाएँ भूगोल से नहीं, ताक़त से बदलती हैं।

इस दृष्टि से देखें तो मर्केटर के ख़िलाफ़ अफ़्रीका का विरोध एक बड़े हिसाब-किताब का हिस्सा है। सदियों तक नक़्शे साम्राज्यों के औज़ार रहे हैं—किसी को सिकोड़ने, किसी को बढ़ाने, कुछ सरहदों को वैध ठहराने और कुछ को कुचलने का। नक़्शे को सुधारना सिर्फ़ काग़ज़ पर अनुपात ठीक करना नहीं है। यह गरिमा की माँग है—हाशिए पर नहीं, केंद्र में देखे जाने की माँग।

शायद इसी वजह से अफ़्रीकी संघ की माँग गूँजती है। यह घमंड का मामला नहीं, भूगोल का नहीं। यह नज़र का मामला है—दृष्टि को वापस लेने का। नक़्शा—तीन अक्षरों का छोटा-सा शब्द—इतिहास का बोझ ढो रहा है, और अब उसे फिर से लिखा जाने की माँग उठ रही है। और ठीक ही है। क्योंकि अगर नक़्शे झूठ बोल सकते हैं, तो उन्हें सुधारा भी जा सकता है। और जिस दिन अफ़्रीका अपने असली पैमाने पर खींचा जाएगा, उस दिन शायद दुनिया को भी ख़ुद को नए सिरे से देखना पड़ेगा।



## वीवीआईपी इलाके की पार्किंग में थार से 20 किलो गोमांस बरामद, पुलिस ने कर दी आरोपी पर कार्रवाई

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सबसे पॉश माने जाने वाले इलाके हजरतगंज से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बुधवार को पुलिस ने हजरतगंज स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के पहले तल पर खड़ी एक बिना नंबर की महिंद्रा थार गाड़ी से 20 किलो गोमांस बरामद किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हजरतगंज पुलिस के अनुसार, उन्हें पार्किंग में खड़ी एक संदिग्ध थार में गोमांस होने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी शिवानी सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। जब पुलिस ने काले रंग की बिना नंबर प्लेट वाली थार की तलाशी ली, तो उसकी डिग्गी में रखे कई कैरी बैग के अंदर 20 किलो गोमांस पाया गया।मामले में हजरतगंज एसीपी विकास जायसवाल और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन के मालिक मोहम्मद वासिफ को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। आरोपी अमीनाबाद थाना क्षेत्र के गुईन रोड का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को गोमांस के साथ गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है कि वह यह मांस कहां से लाया था और इसे कहां ले जाने की फिराक में था।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने पीएम मोदी की मां पर टिप्पणी को बताया निंदनीय

वाराणसी (आरएनएस)। बिहार में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी का मामला गरमाया हुआ है। मंगलवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी और इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताया।

शंकराचार्य ने कहा, लोगों की बुद्धि में विकार आ गया है। सभी को गाय माता का दूध पीना चाहिए, ताकि उनकी बुद्धि शुद्ध हो और माताओं का अपमान बंद हो। कोई भी नेता हो, उसे किसी की मां या पिता पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।उन्होंने जोर देकर कहा कि मां हर व्यक्ति के लिए पूजनीय होती है और सभी की मां का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए कहा, शास्त्रों में कहा गया है कि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर हैं। यह भारत की संस्कृति है।उन्होंने सलाह दी कि राजनीतिक लड़ाई व्यक्तिगत स्तर पर होनी चाहिए, न कि माता-पिता जैसे पवित्र रिश्तों को निशाना बनाकर। शंकराचार्य ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियां न केवल निंदनीय हैं, बल्कि समाज में नकारात्मकता फैलाती हैं। उन्होंने सभी से मातृ-सम्मान की भावना को बनाए रखने की अपील की। यह विवाद तब शुरू हुआ जब वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कथित तौर पर कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री की माता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इस मुद्दे ने राजनीतिक गलियारों में हंगामा मचा दिया है और विपक्षी दलों पर इस मामले में जवाबदेही की मांग उठ रही है। शंकराचार्य की टिप्पणी ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है, क्योंकि यह न केवल राजनीतिक बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से भी जुड़ा है।उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी को मिलकर नैतिकता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। इस बीच, इस मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी तेज हो रही है।

## यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नोएडा, (आरएनएस)। यमुना नदी में जलस्तर लगातार बढ़ने की आशंका के बीच गौतमबुद्ध नगर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-150 स्थित इलाकों का दौरा किया और वहां मौजूद प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सभी नागरिकों और पालतू पशुओं को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को प्रशासन के शरणालयों में व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाए, वहीं पशुओं के लिए सुरक्षित ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों में ठहरने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही उनके लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और सूखे स्थान का इंतजाम भी सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि राहत शिविरों में सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इनमें स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त भोजन, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था शामिल होनी चाहिए।

# भारत की रक्षा प्रणाली होगी और मजबूत, मिलेंगे एस-400 डिफेंस सिस्टम; रूस ने सप्लाई बढ़ाने के दिए संकेत

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होता जा रहा है। इस साझेदारी का एक और बड़ा संकेत है , एस-400 मिसाइल सिस्टम की अतिरिक्त आपूर्ति को लेकर जारी बातचीत। रूस के डिफेंस एक्सपोर्ट विभाग के प्रमुख दिमित्री शुगायेव ने पुष्टि की है कि भारत के पास पहले से मौजूद S-400 सिस्टम के अलावा और यूनिट्स के लिए बातचीत चल रही है।

गौरतलब है कि भारत ने साल 2018 में रूस के साथ पांच S-400 ट्रायम्फ एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए 5.5 अरब डॉलर की डील साइन की थी। इस हाई-टेक मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी में कुछ देरी जरूर हुई, लेकिन अंतिम दो यूनिट्स के 2026 और 2027 तक भारत पहुंचने की उम्मीद है।पाकिस्तान के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में स-400 ने अहम भूमिका निभाई। भारत की हवाई सीमाओं की सुरक्षा में इस



सिस्टम ने दुश्मन की मिसाइलों और विमानों को समय रहते ट्रैक कर ध्वस्त कर दिया। यह सिस्टम 400 किलोमीटर की रेंज में 36 से 80 लक्ष्यों को एक साथ ट्रैक और नष्ट करने में सक्षम है।

S-400 ट्रायम्फ रूस की सबसे एडवांस एयर डिफेंस टेक्नोलॉजी मानी जाती है। यह न केवल दुश्मन के लड़ाकू विमानों बल्कि मिसाइल और ड्रोन जैसे खतरों को भी बेअसर करने में सक्षम है। भारत ने 2021 से पंजाब, राजस्थान और पूर्वोत्तर जैसे रणनीतिक रूप से अहम क्षेत्रों में इसकी तैनाती कर दी थी। इस डील पर अमेरिका की नाराजगी के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता दी। यह दिखाता है कि भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए स्वतंत्र विदेश नीति का पालन कर रहा है। S-400 मिसाइल सिस्टम भारत की वायु सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। अब जब भारत और रूस इसके अतिरिक्त यूनिट्स की सप्लाई पर बात कर रहे हैं, तो यह साफ है कि आने वाले वर्षों में भारत की हवाई सुरक्षा और भी ज्यादा मजबूत और अजेय बनने वाली है।




*समाजवादी पार्टी के नेताओं ने लखनऊ में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर किसानों के मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया।*

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए तत्काल राहत पैकेज की मांग की

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बाढ़ प्रभावित राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज देने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट किया और साथ में एक वीडियो भी शेयर किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि इन राज्यों में राहत और बचाव कार्यों को तेज किया जाए, ताकि प्रभावित लोगों को सहायता मिल सके।उन्होंने कहा कि पंजाब में बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड की स्थिति भी गंभीर है।

उन्होंने बताया कि हजारों परिवार अपने घर, संपत्ति और अपनों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों की रक्षा करे। उन्होंने केंद्र से इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए तत्काल राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, पंजाब में बाढ़



ने भयंकर तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपका ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद अत्यंत आवश्यक है। हजारों परिवार अपने घर, जीवन और अपनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों के लिए, खासतौर पर किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों को तेज किया जाए।

## हिमाचल से लेकर ओडिशा तक अगले 3 घंटे होगी भारी बारिश, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को देश के कई राज्यों में भारी बारिश के लिए अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 3 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से इसकी जानकारी दी है।

मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 3 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी मध्य प्रदेश और ओडिशा में मध्यम से तेज बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने जानकारी दी है कि उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बुधवार सुबह 5:30 बजे तक उसी क्षेत्र में स्पष्ट रूप से चिह्नित हो गया है। यह अगले 24 घंटों में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में ओडिशा की ओर बढ़ने की संभावना है। इस सिस्टम के प्रभाव से ओडिशा और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है।

# 'अंधे है सरकारी अधिकारी, इंजीनियर दोषी', हिमाचल में 3500 करोड़ की लागत से बना फोरलेन टूटने से भड़के गड़करी

नई दिल्ली(आरएनएस)। हिमाचल में 3500 करोड़ की लागत से बने मनाली-कुल्लू फोरलेन टूटने के कारण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने अपना गुस्सा ज़ाहिर किया है। उन्होंने कहा इसका दोषी इंजीनियरों को ठहराया है और सरकारी अधिकारियों को अंधा बताया है।गडकरी ने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर बनाने वाले अधिकारी इसके जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, बहुत सारे अधिकारी तो रिटायर होने के बाद अपनी कंपनी बना लेते हैं। ये लोग गूगल घर बैठकर डीपीआर बनाते हैं। फील्ड में कोई डिटेल स्टडी नहीं करते। गडकरी ने कहा, बहुत सारे डीपीआर बिना डिटेल स्टडी के होते हैं और हमारे सरकारी अधिकारी भी अंधे जैसे होते हैं। ऐसी डीपीआर पर तुरंत टेंडर निकालने का काम करते हैं।





उन्होंने कहा, कई मिनिस्टर तो बेचारे समझने वाले नहीं होते।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बड़ी बड़ी कंपनियों के कहने पर टैंडर में टेक्निकल और फाइनेंशियल क्वालिफिकेशन डाली जाती है। उन्होंने कार्यक्रम में बैठे इंजीनियरों से आग्रह किया कि डीपीआर अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हर साल बारिश में रोड टूट रहा है। इधर पहाड़, उधर भी पहाड़, बीच में रिवर और साथ में नदी किनारे लोग बसे हैं। हर साल बारिश में लैंडस्लाइड हो रहा है। हर साल लोग मर रहे हैं। अब इसका सॉल्यूशन नहीं मिल रहा।बता दें कि हिमाचल में जब से चंडीगढ़-मनाली फोरलेन बना है, उसके बाद से हर साल ज्यादा तबाही हो रही है। फोरलेन पूरा तैयार होने से पहले ही ब्यास में समा जाता है। प्रदेश में दूसरे फोरलेन और एनएच प्रोजेक्ट के निर्माण को लेकर भी एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर बार बार सवाल उठते रहे हैं।

### जयपुर-आगरा हाईवे पर पुलिस बस ने ट्रक को मारी टक्कर, हार्डकोर अपराधी समेत 5 लोग घायल

दौसा, (आरएनएस)। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे 21 पर कालाखो के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। पुलिस की एक बस सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस बस में पुलिसकर्मी एक कुख्यात अपराधी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को पेशी के लिए ले जा रहे थे। हादसे में हार्डकोर अपराधी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई), दो जवान और बस का ड्राइवर घायल हो गए। इनमें से दो गंभीर घायलों को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। बस के ड्राइवर को केबिन से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## 18 सितम्बर से गांव चलो अभियान, लंबित राजस्व प्रकरणों का होगा निस्तारण- सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेन्स के मानकों पर खरा उतरते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही, संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन, डीपीआर, टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को समय पर मिल सके।शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्रीस्टेक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

*गांव चलो अभियान से ग्रामीणों तक सुलभ होंगी सरकारी सेवाएं*

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 18 सितम्बर से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन 'गांव चलो अभियान' संचालित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत ग्रामीणों के सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, नामांतरण आदि लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति अभियान के लाभों से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी गत दो वर्ष के बजट में घोषित भवन निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूरा करें। साथ ही नियमित निगरानी कर इनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने भवनों का भी आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके।शर्मा ने कहा कि जैसलमेर जिले के सामान्य आवंटन के लंबित आवेदनपत्रों के निस्तारण के लिए योजना बनाई जाए, साथ ही 15 दिन का अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए।

### मराठा आरक्षण आंदोलन के बाद मुंबई पुलिस का एक्शन, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कई थानों में एफआईआर दर्ज

मुंबई (आरएनएस)। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मुंबई में हुए प्रदर्शन के दौरान अवैध रूप से इकट्ठा होने और अशांति फैलाने के आरोप में मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन समेत अलग-अलग थानों में मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुंबई पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। अवैध रूप से इकट्ठा होने और हिंसा फैलाने के आरोप में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार, मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में तीन एफआईआर, एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में दो एफआईआर और जेजे पुलिस स्टेशन, कोलाबा पुलिस स्टेशन और आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में भी मामले दर्ज किए गए हैं।बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने मंगलवार को अपनी ज्यादातर मांगें मान लिए जाने के बाद आमरण अनशन समाप्त कर दिया था। इसके बाद हजारों मराठा कार्यकर्ता मुंबई से अपने गांवों को लौट गए, जिसके चलते अब शहर में स्थिति सामान्य हो रही है।

## पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा पर दो वोटर आईडी रखने का आरोप, अमित मालवीय ने की जांच की मांग

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी कोटा नीलिमा दो वोटर आईडी को लेकर विवादों में आ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि तेलंगाना के खैरताबाद से चुनाव लड़ने वाली नीलिमा के पास दो सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं। मालवीय ने चुनाव आयोग से इसकी जांच करने की मांग की है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मतदाता सूची शेयर करते हुए आरोप लगाया कि कोटा नीलिमा का नाम खैरताबाद और नई दिल्ली, दोनों जगहों की वोटर लिस्ट में दर्ज है। उनके मुताबिक, नीलिमा ने 2023 में दाखिल शपथपत्र में अपने खैरताबाद स्थित ऐपिक नंबर टीजीजेड2666014 का उल्लेख किया था, जो 2025 तक भी सक्रिय है। यह ऐपिक 'गफ्फर खान कॉलोनी रोड नं. 10' पते पर पंजीकृत था, जो अब 'गौरी शंकर नगर वेलफेयर एसोसिएशन' पते पर दर्ज है।इसके साथ ही मालवीय ने यह भी दावा किया कि कोटा नीलिमा के पास एक और एपिक नंबर (एसजेई0755975) है, जिसमें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के काका नगर इलाके का पता दर्ज है। इस एपिक में नाम 'के. नीलिमा' लिखा है और पति के नाम में पवन खेड़ा का उल्लेख है।




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल नई दिल्ली में जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ बैठक करते हुए।

## दिल्ली में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में, 6 महीने पहले हमारी सरकार ने कर ली थी तैयारी : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इस बीच, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्लीवासियों को आश्वस्त किया कि बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है।

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में



है और दिल्लीवासियों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। जलस्तर इस समय अपने उच्चतम स्तर पर है और पानी थोड़ा और बढ़ सकता है, लेकिन अभी भी चिंता की कोई बात नहीं है।

प्रवेश वर्मा ने कहा, जब हमारी सरकार बनी थी, तो हमने 6 महीने पहले ही इस तरह के हालात से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। हमें पता था कि मानसून के दौरान बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। इसलिए हमने तभी से तैयारियां शुरू कर दी थीं।

प्रवेश वर्मा ने यह भी बताया कि 2023 में दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान कई इलाकों में पानी भर गया था। उस समय हथिनीकुंड बैराज से 3.30 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इस बार भी समान मात्रा में पानी छोड़ा गया, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर कहीं भी जलभराव नहीं हुआ। यह दर्शाता है कि दिल्ली सरकार ने पिछले छह महीनों में बाढ़ से निपटने की व्यापक तैयारी की है।उन्होंने आगे बताया कि पहले यमुना का जलस्तर 208 मीटर तक पहुंचने पर दिल्ली में पानी घुस जाता था, लेकिन इस बार 207 मीटर तक जलस्तर पहुंचने के बावजूद सड़कों पर पानी नहीं दिखा।

वर्मा ने कहा, अगर जलस्तर एक-दो मीटर और बढ़ता है, तब भी स्थिति नियंत्रण में रहेगी। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने पिछले छह महीनों में शानदार काम किया है।

# छोटी बहू ने साड़ी में दिखाए लटके-झटके, रुबीना दिलैक के दिलकश अंदाज पर फैंस फिदा



अभिनेत्री रुबीना दिलैक इन दिनों रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कीं।

अभिनेत्री ने डार्क पर्पल साइनिंग वाली गोल्डन प्रिंट साड़ी पहन रखी है। उन्होंने गले में मंगलसूत्र, मांग में सिंदूर और हाथों में कंगन पहना हुआ है। खुले हुए बालों में रुबीना दिलैक का यह लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

पहली फोटो में वह स्टाइलिश तरीके से पोज देते हुए नजर आ रही हैं। दूसरी में वह बालों को संवारती हुए पोज दे रही हैं. इस दौरान उन्होंने वीडियो के लिए भी पोज दिए. रुबीना ने इसे कैप्शन दिया, अपनी नारी शक्ति को व्यक्त कर रही हूं।

फैंस को यह पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने कमेंट लिखा- ब्यूटी फुल तो दूसरे यूजर ने बास लेडी। एक अन्य यूजर ने लिखा, प्रिटी। एक शख्स ने अभिनेत्री के बालों की तारीफ करते हुए लिखा, रुबीना, आपके स्ट्रेट हेयर काफी अच्छे लग रहे हैं।

अभिनेत्री रुबीना ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर पति अभिनव संग तस्वीरें पोस्ट कीं थीं, जिसमें दोनों साथ में प्यारे लग रहे थे। उनकी इस पोस्ट से फैंस अंदाजा लगा रहे थे कि उनकी ये तस्वीरें पति-पत्नी और पंगा के सेट की हैं। रुबीना ने उसमें लाइट पर्पल कलर की ड्रेस पहनी थी। वहीं, अभिनव ब्लैक कोट-पैंट में नजर आए थे। इसके कैप्शन में रुबीना ने लिखा, ये मेरा पति और मैं इसकी पंगा, मेरा मतलब है पत्नी।

रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कान्टेस्ट में अवार्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं, जिसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी करने भी गई थीं, लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था।

एक बार उन्होंने अपनी फ्रेंड के कहने पर टीवी सीरियल छोटी बहू के लिए आडिशन दिया और सेलेक्ट भी हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया। इसके बाद उन्होंने सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह- एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू, और शक्ति जैसे हिट शो दिए हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बालीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बास 16 की विनर भी रही हैं।

# बागी 4 का नया गाना ये मेरा हुस्न जारी, जबरदस्त डांस करती दिखीं हरनाज संधू



टाइगर श्राफ की फिल्म बागी 4 के सिनेमाघरों में रिलीज होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को दर्शकों के बीच आएगी। इस फिल्म में टाइगर की जोड़ी हरनाज संधू के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने बागी 4 का नया गाना ये मेरा हुस्न जारी कर दिया है, जिसमें हरनाज जोरदार डांस करती दिख रही हैं। यह गाना रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर छा गया है. एक ओर जहां फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों में उत्साह बना हुआ था, वहीं इस गाने ने तो फैंस की बेसब्री को और भी बढ़ा दिया है. इस गाने में हरनाज कौर संधू बेहद बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज में दिख रही हैं.

समंदर किनारे फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने डांस और एक्सप्रेशन्स से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. बास्को मार्टिस की कोरियोग्राफी ने हरनाज के मूव्स को और भी शानदार बना दिया है. मेकर्स को विश्वास है कि पिछले गानों की तरह इसे भी लोग पसंद करेंगे. बोल्ड अवतार में वो खूबसूरत सुनहरे रेत और घाटियों के बीच दिख रही हैं.

## बाक्स आफिस पर परम सुंदरी की कमाई में भारी गिरावट, चौथे दिन का कारोबार जानकर लगेगा झटका

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक कामेडी फिल्म परम सुंदरी को 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन यह बाक्स आफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रही है। शुरुआती 3 दिन इस फिल्म ने औसत कमाई की, लेकिन चौथे दिन फिल्म के कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई। आइए जानें परम सुंदरी ने चौथे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बाक्स आफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, परम सुंदरी ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये के साथ बाक्स आफिस पर अपना खाता खोला था, वहीं दूसरे दिन यह 9.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 10.25 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह 4 दिन में परम सुंदरी ने 30.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

परम सुंदरी के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा ने संभाली है, जिन्हें अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं के लिए जाना जाता है।

# एक्ट्रेस सुरभि चंदना का यूट्यूब चैनल हुआ हैक, गाने फर्जी की रिलीज टली



टीवी की मशहूर अदाकारा सुरभि चंदना इन दिनों अपने म्यूजिक प्रोजेक्ट फील गुड ओरिजनल्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सुरभि ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनका आधिकारिक यूट्यूब और जीमेल अकाउंट हैक हो गया है। इस घटना ने न केवल टीम को बल्कि उनके फैंस को भी एक बड़ा झटका दिया है। इस हैकिंग की वजह से उनका नया गाना फर्जी अब तय समय पर रिलीज नहीं हो पाएगा।

सुरभि ने अपने पोस्ट में लिखा कि उनका ट्रैक फर्जी पूरी तरह तैयार था और उसे अपने दर्शकों के साथ साझा करने की पूरी योजना थी। लेकिन जैसे ही अकाउंट हैक हुआ, उन्हें मजबूरन गाने की रिलीज को टालना पड़ा। उन्होंने बताया कि वो यूट्यूब इंडिया और गूगल इंडिया की मदद से अपने अकाउंट को वापस पाने की कोशिश कर रही हैं और उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ फिर से सामान्य हो जाएगा।

अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, जिंदगी ने हमें बीती रात एक अनचाहा विराम दे दिया। हमारा फील गुड ओरिजनल्स का आधिकारिक अकाउंट जीमेल और यूट्यूब हैक हो गया और हमने इन तक अपनी पहुंच खो दी। हमारा नया गाना फर्जी आपके सामने पेश किया जाना था, लेकिन किस्मत ने अभी कुछ और ही सोच रखा है।

सुरभि ने आगे कहा कि हर विराम एक मजबूत वापसी की तैयारी होती है। उनका मानना है कि कोई तूफान इतना ताकतवर नहीं होता कि संगीत को खामोश कर दे और कोई भी रुकावट इतनी बड़ी नहीं होती जो एक सपने को रोक सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका गाना फर्जी जरूर रिलीज होगा और जब वह आएगा तो सिर्फ एक गाना नहीं बल्कि एक जज्बात, संघर्ष और उम्मीद का प्रतीक होगा।

पोस्ट के आखिर में सुरभि ने अपने फैंस का आभार व्यक्त करते हुए लिखा, हमारे साथ खड़े रहने के लिए, हम पर विश्वास रखने के लिए आपका धन्यवाद। संगीत का सुर एक पल के लिए थम सकता हैज् लेकिन जल्द ही, वह फिर गूंजेगा।

इसके आगे उन्होंने हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए फर्जी, स्ट्रान्गर कमबैक, और फील गुड ओरिजनल्स लिखा।

## अवनीत कौर की फिल्म लव इन वियतनाम का ट्रेलर रिलीज, दिखी दर्द भरी प्रेम कहानी

फिल्म लव इन वियतनाम में प्यार की कहानी देश की सीमाओं को पार करके एक खूबसूरत दुनिया से दर्शकों को रूबरू कराएगी। इस फिल्म में अवनीत कौर, शांतुन महेश्वरी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन भी हैं। फिल्म में लव ट्राइएंगल है, जो इन तीनों के किरदार के बीच बनता है।

फिल्म लव इन वियतनाम के ट्रेलर में पंजाब से शुरू होकर कहानी वियतनाम तक पहुंचती है। एक लड़का (शांतुन) और लड़की (अवनीत कौर) बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। लड़की की ख्वाहिश बड़े होकर लड़के की दुल्हन बनने की है। लेकिन लड़के पिता बड़े होने पर उसे वियतनाम भेज देते हैं। वियतनाम पहुंचकर उसे एक तस्वीर देखकर अनजान वियतनामी लड़की (खा नागन) से प्यार हो जाता है। लेकिन असल में वह उससे मिला भी नहीं है। इस वजह से पंजाबी की लड़की और उसकी दोस्त का दिल टूट जाता है। आखिरी ये प्रेम कहानी किस अंजाम पर जाकर खत्म होगी, यही फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म में अवनीत कौर, शांतुन महेश्वरी और वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन के अलावा फरीदा जलाल, गुलशन ग्रोवर, राज बब्बर जैसे नामी कलाकार भी नजर आएंगे।

# डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज, बीयर का बिजनेस करने चलीं तमाना भाटिया और डायना पेंटी

भारत का सबसे पसंदीदा मनोरंजन मंच, प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी हिंदी ओरिजिनल कामेडी-ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर जारी किया. यह सीरीज़ धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर हैं. इस सीरीज़ का निर्देशन कालिन डीकुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है. पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है.

इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमाा भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिंहा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे. डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा.

डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर एक जोशीली धुन के साथ शुरू होता है, जो हमें दो जिगरी दोस्तों शिखा (तमाा भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) की जिंदगी की झलक दिखाता है. ये दोनों दोस्त अपना खुद का क्राफ्ट बीयर ब्रांड लान्च करने के एक दमदार आइडिया के साथ स्टार्ट-अप की दुनिया में कदम रखती हैं. इसके बाद शुरू होती है एक मजेदार और हाई-एनर्जी सफर, जिसमें बीयर के दिग्गजों, माफिया और ऐसे-ऐसे जुगाड़ सामने आते हैं, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी.




लेकिन सवाल यह है, क्या वे यह धारणा तोड़ पाएंगी कि महिलाएं बीयर नहीं बना सकतीं? क्या वे अपने खुद के बुने हुए जाल से निकल पाएंगी? या उनका सपना पूरा होने से पहले ही टूट जाएगा? डू यू वाना पार्टनर उन गहराई भरे, भावनात्मक रूप से जटिल, फिर भी मजेदार शोज में से एक है, जिनका मैं हिस्सा रही हूं, जो बात इसे सचमुच विशेष बनाती है, वह यह है कि यह महिला मित्रता और बहनचारे की भावना का जश्न मनाती है, बिना इसे स्त्री-पुरुष के टकराव की कहानी बनाए,

अभिनेत्री तमाा भाटिया ने कहा, यह दोस्ती, संघर्ष और सबसे अजीबोगरीब विचारों को हक़ीक़त में बदलने के साहस का जश्न है. मेरे लिए शिखा का किरदार निभाना और इस शानदार कलाकारों व टीम के साथ काम करना एक बदलाव लाने वाला अनुभव रहा है.

जब मैंने पहली बार डू यू वाना पार्टनर की कहानी सुनी, तो मुझे दोनों मुख्य महिला किरदारों के बीच की सच्ची केमिस्ट्री ने सबसे ज़्यादा आकर्षित किया , ऐसा कुछ जो हमें स्क्रीन पर बहुत कम और इतनी गहराई से देखने को मिलता है

# ब्रेकअप के कारण दुखी है आपका मन? बेहतर महसूस करने के लिए करें ये 5 काम

*लोग कहते हैं कि किसी रिश्ते के टूटने का दर्द इंसान को अंदर से भी तोड़ देता है। ब्रेकअप होने के बाद सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो जाता है और मन हर वक्त दुखी रहता है। कुछ लोग तो इस वजह से अवसाद और चिंता का शिकार हो जाते हैं। हालांकि, एक कमजोर रिश्ते की याद में खुद को परेशान करना सही नहीं है। हम आपको कुछ डेटिंग टिप्स देंगे, जिन्हें अपनाने से आपको ब्रेकअप से उबरने में मदद मिलेगी।*



## जो हुआ उसे स्वीकार करें

जब कोई भी रिश्ता टूटता है तो हम दिल में उम्मीद लिए बैठे रहते हैं कि कुछ दिनों में सब ठीक हो जाएगा। हालांकि, हकीकत इससे अलग होती है और उसे स्वीकार किए बिना आगे बढ़ना नामुमकिन है।

इसीलिए, इस बात को जल्द से जल्द स्वीकार करें कि ब्रेअकप असल में हो गया है और जी भर के रो लें। अपनी भावनाओं को दबाएं नहीं और बीते पलों को याद करने के बजाय आगे की जिंदगी के बारे में सोचें।

## उस व्यक्ति के बारे में बात करने और सोचने से बचें

ब्रेकअप के बाद अपने साथी की यादों को दिल से निकालना सबसे कठिन होता है। कुछ लोग इस वजह से अपने एक्स को बार-बार फोन करते रहते हैं या दिनभर उनके बारे में सोचते रहते हैं। हालांकि, ऐसा करना आपको जीवन में कभी आगे बढ़ने नहीं देगा। रिश्ता टूटने के बाद उनके बारे में न सोचने की कोशिश करें। चाहे आपको कितनी भी तकलीफ क्यों न हो, उनसे बात करने या मिलने की गलती न करें।

## अपने करीबियों से बात करें और उनसे मिलें

ब्रेकअप के बाद लोग दर्द को अपने दिल में ही दबाकर रखते हैं। इससे तनाव बढ़ जाता है, किसी काम में मन नहीं लगता है और धीरे-धीरे वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं। अपनी भावनाओं को छिपाने के बजाय अपने करीबियों से साझा करना बेहतर होता है। अपने दोस्तों या परिवार वालों से बात करके अपने मन का बोझ हल्का कर लें। अपनों के साथ वक्त बिताने से आपको खुशी महसूस होगी और आप जल्दी चीजों को भूल पाएंगे।

## खुशी देने वाली गतिविधियां करें

हम जानते हैं कि रिश्ता टूटने का दर्द इतना ज्यादा होता है कि किसी चीज में मन नहीं लगता। हालांकि, अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो कुछ ऐसी गतिविधियां करें, जो आपको खुशी देती हों।

इससे आपका ध्यान बटेगा, नकारात्मक विचारों से छुटकारा मिलेगा और आप दोबारा खुद की प्रतिभा को पहचान सकेंगे। अपने दोस्तों संग घूमने जाएं, कोई रचनात्मक गतिविधि अपनाएं, पसंदीदा खाना खाएं या किसी प्यारे जानवर को घर ले आएं।

## खुद को व्यस्त रखें

ब्रेकअप काम-काज को अनदेखा करने का बहाना नहीं हो सकता। आपको अपने दर्द से उबरने की कोशिश करने के साथ-साथ अपने पुराने रूटीन में भी वापस आना होगा। सुबह जल्दी उठकर ध्यान लगाएं, खान-पान का ध्यान रखें, अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें और खाली न बैठें। खुद को काम में व्यस्त रखने से आपको एक्स के बारे में सोचने का समय नहीं मिलेगा और धीरे-धीरे वह आपके दिल और दिमाग से निकल जाएंगे।

# चेहरे को हाइड्रेट करने के लिए घर पर बनाएं ये 5 टोनर, आसान हैं बनाने

चेहरे को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। यह त्वचा को पोषण देने और उसे स्वस्थ रखने में मदद करता है। बाजार में कई तरह के टोनर मिलते हैं, लेकिन घर पर बने टोनर का कोई मुकाबला नहीं। ये न केवल सस्ते होते हैं, बल्कि इनमें रासायनिक तत्व भी नहीं होते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार टोनर की विधि बताएंगे, जिन्हें आप घर पर आसानी से बना सकते हैं।



## गुलाब जल और खीरे का टोनर

गुलाब जल और खीरे का मिश्रण एक बेहतरीन टोनर है। इसके लिए आपको ताजे गुलाब की पंखुड़ियां और खीरे का रस चाहिए। सबसे पहले गुलाब की पंखुड़ियों को पानी में उबालें और ठंडा होने दें, फिर इसमें खीरे का रस मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ बोतल में भरकर ठंडा रखें और रोजाना सुबह और शाम चेहरे पर लगाएं। यह आपके चेहरे को ताजगी देगा और उसे हाइड्रेट रखेगा।

## नींबू और नारियल पानी का टोनर

नींबू और नारियल पानी का टोनर ताजगी और ऊर्जा देता है। इसके लिए आपको एक कप नारियल पानी लें और उसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं, फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भर लें। रोजाना सुबह और शाम अपने चेहरे पर छिड़कें और हल्के हाथों से थपथपाएं ताकि यह अच्छी तरह से सोख ले। यह टोनर आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखेगा और उसे चमकदार बनाएगा।

## सेब का सिरका और पानी का टोनर

सेब का सिरका प्राकृतिक एंटीसेप्टिक होता है, जो त्वचा की गंदगी को हटाता है। इसके लिए आपको एक कप पानी लें और उसमें एक चम्मच सेब का सिरका मिलाएं, फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भर लें। रोजाना रात को सोने से पहले अपने चेहरे पर छिड़कें और हल्के हाथों से थपथपाएं। यह टोनर आपकी त्वचा को साफ-सुथरा रखेगा और उसे हाइड्रेट करेगा।

## एलोवेरा जेल और गुलाब जल का टोनर

एलोवेरा जेल में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा को आराम पहुंचाते हैं। इसके लिए आपको दो चम्मच एलोवेरा जेल लें और उसमें एक चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ बोतल में भरकर ठंडा रखें और रोजाना रात को सोने से पहले अपने चेहरे पर लगाएं। यह टोनर आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखेगा और उसे मुलायम बनाएगा।

## ग्रीन टी और नींबू का टोनर

ग्रीन टी में ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को युवा बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके लिए आपको एक कप ग्रीन टी बनाकर उसमें थोड़ा-सा नींबू रस मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे एक साफ बोतल में भरकर ठंडा रखें और रोजाना सुबह और शाम अपने चेहरे पर लगाएं। इन सभी घरेलू टोनर्स का इस्तेमाल करके आप अपनी त्वचा को न केवल साफ-सुथरी रख सकते हैं, बल्कि उसे हाइड्रेट भी कर सकते हैं।

# चीन की 'विक्ट्री डे' परेड में सबसे बड़ी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, पेश की सबसे खतरनाक डीएफ-5सी न्यूक्लियर मिसाइल

बीजिंग (ए.)। द्वितीय विश्व युद्ध में चीन ने जीत की 80वीं वर्षगांठ पर 'विक्ट्री डे परेड' के बहाने अपना सबसे बड़ा सैन्य शक्ति प्रदर्शन किया है। चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों और मानवरहित लड़ाकू प्लेटफार्मों समेत अपनी सबसे उन्नत सैन्य तकनीक को सार्वजनिक तौर पर दिखाते हुए सैन्य परेड निकाली। इसमें 10 हजार से अधिक सैन्यकर्मी, 100 से अधिक विमान के साथ ही सैकड़ों टैंक और बख्तरबंद वाहन थे।

चीन ने अपनी सबसे खतरनाक इंटर-बैलिस्टिक परमाणु मिसाइल का पहली बार बुधवार को आर्मी परेड में प्रदर्शन किया। डीएफ-5सी नई प्रकार की तरल-ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय रणनीतिक परमाणु मिसाइल है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस मिसाइल की अनुमानित रेंज 20,000 किलोमीटर से अधिक है। यह रक्षा भेदन और सटीकता में बेहद परफेक्ट मानी जाती है। यह दुनिया के किसी भी हिस्से में पहुंच सकती है।

चीन के तियानमेन में आयोजित इस कार्यक्रम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, ईरान, मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव, म्यांमार, इंडोनेशिया, मंगोलिया, जिम्बाब्वे और मध्य एशियाई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में परेड हुई। वैश्विक तनाव के बीच 'विक्ट्री डे परेड' के दौरान चीनी



राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का संदेश दिया। अपने मुख्य भाषण में शी जिनपिंग ने कहा कि यह विजय आधुनिक काल में विदेशी आक्रमण के खिलाफ चीन की पहली पूर्ण जीत थी। जिनपिंग ने कहा, मानव सभ्यता के उद्धार और विश्व शांति की रक्षा में चीनी लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने राष्ट्रों से 'युद्ध के मूल कारणों को समाप्त करने' और ऐतिहासिक त्रासदियों की पुनरावृत्ति को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को चीन के कायाकल्प और आधुनिकीकरण के लिए रणनीतिक समर्थन देना चाहिए, ताकि देश 2035 तक एक पूरी तरह आधुनिक समाजवादी राष्ट्र बन सके।

यह 2015 के बाद सिर्फ दूसरी बार था, जब चीन ने इस पैमाने पर 'विक्ट्री डे' पर परेड आयोजित की। परेड स्थल पर ग्रेट वॉल जैसी विशाल संरचनाएं लगाई गई थीं, जो युद्धकाल के दौरान चीनी धैर्य और संघर्ष का प्रतीक थीं। हेलीकॉप्टरों से 'न्याय की जीत', 'शांति की जीत' और 'जनता की जीत' लिखे बैनर लहराए गए, जबकि सैनिकों ने सटीक मार्च पास्ट किया। दर्शकों और युद्ध के दिग्गजों ने युद्धकाल की ऐतिहासिक सैन्य इकाइयों को समर्पित 80 स्मृति ध्वजों को भी देखा।

चीन का प्रतिरोध 1931 में शुरू हुआ था, जो मित्र राष्ट्रों में सबसे प्रारंभिक और लंबे समय तक चलने वाला था। चीन ने जापान की आधे से अधिक विदेशी सेना को घेर लिया और 3.5 करोड़ हताहत हुए, जो द्वितीय विश्व युद्ध में हुए कुल वैश्विक नुकसान का लगभग एक तिहाई था। कार्यक्रम में उन देशों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने युद्ध के दौरान चीन का समर्थन किया था, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और कनाडा शामिल हैं। इस परेड में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देने वाले चीनी शांति सैनिकों को भी शामिल किया गया, जो चीन की वैश्विक रक्षा भूमिका में बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। कांगो में सेवा दे चुके एक सैनिक ने कहा, हम पूर्वजों के खून से हासिल की गई शांति की रक्षा करने की क्षमता रखते हैं।

## विक्ट्री डे परेड में चिनफिंग की अमेरिकी राष्ट्रपति को दो टूक, 'हम धौंस जमाने वालों से नहीं डरते

बीजिंग (आरएनएस)। चीन की राजधानी बीजिंग स्थित तियानमेन स्क्वायर पर अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड आयोजित हुई। इस अवसर पर राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि मानवता को अमन या जंग, संवाद या टकराव तथा सामूहिक लाभ या हानि में से रास्ता चुनना होगा। परेड में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की हार की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की गई, जिसके जरिए चीन ने अपनी सैन्य ताकत और कूटनीतिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। हालांकि, पश्चिमी देशों के नेताओं ने इसमें भाग नहीं लिया। पुतिन और किम को यूक्रेन युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया गया है।

शी चिनफिंग माओ जेदोंग शैली के सूट में नजर आए और उन्होंने 50,000 से अधिक लोगों की भीड़ को संबोधित किया। उन्होंने कहा, चीन की जनता इतिहास के सही मार्ग पर दृढ़ता से खड़ी है।

परेड में हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन और टैंकों जैसे आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शी ने 20 से अधिक विदेशी नेताओं का स्वागत किया, जिनमें इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भी शामिल थे। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस आयोजन को अमेरिका के खिलाफ साजिश करार दिया, हालांकि उन्होंने शी के साथ अपने अच्छे रिश्तों की बात भी दोहराई। शी ने अपने संबोधन में कहा कि चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर देश को उन वीरों को याद करना चाहिए, जिन्होंने जापान के खिलाफ संघर्ष में बलिदान दिया।

## बाहर टैरिफ वॉर, अंदर अपनी ही जनता का विरोध- मुश्किल में घिरे राष्ट्रपति, 'ट्रंप वापस जाओ' के लगे नारे

बीजिंग (ए.)। भारत के साथ टैरिफ वॉर में उलझे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने ही देश में चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। श्रमिक दिवस के अवसर पर, हजारों की संख्या में अमेरिकी कामगारों ने राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। न्यूयॉर्क, शिकागो, और वाशिंगटन डीसी समेत कई बड़े शहरों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर 'ट्रंप वापस जाओ' के नारे लगाए।

न्यूयॉर्क में, प्रदर्शनकारी राष्ट्पति ट्रंप के आवास के बाहर इकट्ठा हुए और उनकी श्रमिक विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया। शिकागो में 'वन फेयर वेज' संगठन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी की समस्या को उजागर करना था। गौरतलब है कि अमेरिका में न्यूनतम संघीय मजदूरी मात्र 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। शिकागो स्थित ट्रंप टॉवर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड नहीं चाहिए और उसे जेल में डालो जैसे नारे भी लगाए।

राजधानी वॉशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को में भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट का अतिक्रमण बंद करो और डीसी को मुक्त करो, नकाबपोश गुंडे नहीं चाहिए जैसे संदेशों वाले बैनर और पोस्टर देखे गए।

इसी बीच, ट्रंप प्रशासन को एक कानूनी झटका भी लगा है। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया में आप्रवासन प्रवर्तन के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के लिए नेशनल गार्ड के इस्तेमाल को अवैध करार दिया है। इस फैसले से प्रदर्शनकारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

## पुतिन और किम को शुभकामनाएं देना यूएस के खिलाफ साजिश', चीन की विकट्री डे परेड को लेकर ट्रंप का पोस्ट

बीजिंग,(आरएनएस)। चीन ने अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करने के लिए बीजिंग के थियानमेन चौक पर एक भव्य समारोह आयोजित किया, जिसमें रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं को आमंत्रित किया गया। इस आयोजन ने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है, विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी प्रतिक्रिया के कारण। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में चीन, रूस और उत्तर कोरिया पर अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को यह याद रखना चाहिए कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने चीन को विदेशी आक्रमण से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में कई अमेरिकी सैनिकों ने अपनी जान गंवाई, और उनके बलिदान को चीन को सम्मान देना चाहिए।

## तानाशाह किम जोंग उन के साथ बीजिंग पहुंची उनकी बेटी किम जू ए...दुनिया भर में इसकी चर्चा

### पिता किम ने पुतिन और शी जिनपिंग से मिलवाया


बीजिंग (ए)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बेटी किम जू ए इनदिनों सुर्खियों में है। यह पहली बार था जब वे सार्वजनिक



रूप से किसी विदेश यात्रा पर अपने पिता के साथ गई थीं। यात्रा के दौरान, उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे प्रमुख वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। किम जोंग उन का अपनी बेटी को विदेश दौरे पर ले जाना कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। किम जू ए को दुनिया के सामने लाने का यह तरीका इसका संकेत देता है कि वह अपने पिता की संभावित उत्तराधिकारी हो सकती हैं। जिस तरह से उन्हें पुतिन और जिनपिंग से मिलवाया गया, यह एक तरह से उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिचय था। यह उनकी राजनीतिक शिक्षा और कूटनीति की शुरुआत हो सकती है। अपने पिता के साथ इसतरह के महत्वपूर्ण मौकों पर शामिल होना उन्हें भविष्य की भूमिका के लिए तैयार करने जैसा है। किम जोंग उन शायद अपनी और अपने परिवार की एक नई, अधिक खुली और स्वीकार्य छवि पेश करना चाहते हैं।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के जहाज पर किया सैन्य हमला, 11 आतंकियों की मौत; ट्रंप ने दी जानकारी

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका ने वेनेजुएला से जुड़ी एक बड़ी सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिकी सेना ने SOUTHCOM क्षेत्र में नार्को आतंकी संगठन Tren de Aragua (TDA) के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन चलाया, जिसमें 11 आतंकी मारे गए।ट्रंप ने कहा, आज सुबह मेरे आदेश पर अमेरिकी सैन्यबलों ने TDA पर हमला किया। यह आतंकी संगठन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के इशारे पर काम करता है और ड्रग तस्करी, मानव तस्करी, सामूहिक हत्याएं और अमेरिका सहित पूरे पश्चिमी गोलार्ध में हिंसा फैलाने के लिए जिम्मेदार है।



यह सैन्य ऑपरेशन उस समय हुआ जब TDA के आतंकी एक जहाज के जरिए नशीली दवाओं की खेप अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिकी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में इस जहाज को निशाना बनाकर कार्रवाई की। ट्रंप ने दावा किया कि इस ऑपरेशन में अमेरिका की ओर किसी भी जवान को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा, यह कार्रवाई उन सभी के लिए एक संदेश है जो अमेरिका में ड्रग्स लाने की हिम्मत रखते हैं सावधान हो जाइए! इस हमले से पहले अमेरिकी नौसेना की एक बड़ी टुकड़ी कैरीबिया क्षेत्र में तैनात की गई थी, जिसमें 4500 नौसैनिक, चार विध्वंसक जहाज और टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं। माना जा रहा है कि यही टुकड़ी इस सैन्य कार्रवाई में शामिल रही। इस बीच, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिका पर उनकी सरकार के खिलाफ सैन्य साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने हाल ही में बयान दिया था कि, अमेरिका हमारी सरकार को गिराने के लिए सैन्य धमकियों का सहारा ले रहा है, लेकिन हम हर हमले का मुकाबला करने को तैयार हैं। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंधों में इस सैन्य कार्रवाई के बाद और भी तल्खी आने की आशंका है। Tren de ragua जैसे संगठनों के खिलाफ अमेरिका की सख्त नीति और ट्रंप की आक्रामक शैली क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है।

# खेल समाचार

## विराट कोहली को मिली 'शाही छूट', बेंगलुरु की बजाए इंग्लैंड में दिया फिटनेस टेस्ट; बीसीसीआई की प्रक्रिया पर उठे सवाल

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के नए सीजन की शुरुआत से पहले अनिवार्य फिटनेस टेस्ट को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जहां एक ओर वनडे कप्तान रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल समेत टीम के लगभग सभी शीर्ष खिलाड़ी बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई (BCCI) के नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट दे रहे हैं, वहीं दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक अभूतपूर्व 'शाही छूट' देते हुए उनका टेस्ट इंग्लैंड में ही आयोजित किया गया है।

एक निजी अखबार में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, यह भारतीय क्रिकेट के इतिहास में संभवत: पहली बार है जब किसी खिलाड़ी का फिटनेस टेस्ट भारत के बाहर हुआ हो। इस विशेष छूट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और इसे वीआईपी कल्चर की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। कोहली, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद




सिर्फ वनडे फॉर्मेट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, काफी समय से अपने परिवार के साथ लंदन में रह रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि विराट कोहली ने इसके लिए निश्चित तौर पर बोर्ड से अनुमति ली होगी और फिजियो द्वारा उनकी फिटनेस रिपोर्ट बीसीसीआई को भेज दी गई है। विराट कोहली को छोड़कर, कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल समेत लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में ही फिटनेस टेस्ट दिया है। हालांकि, चोट से जूझ रहे केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और आकाश दीप जैसे कुछ खिलाड़ियों का टेस्ट होना अभी बाकी है। जिन अन्य खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में टेस्ट दिया है उनमें हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद शमी, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल समेत कई नाम शामिल हैं।

## एशिया कप में फिर कुलदीप की हो सकती है उपेक्षा : मनिंदर

मुम्बई (ए.)। दिग्गज स्पिनर मनिंदर सिंह ने कहा है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा हो रही है। मनिंदर को लगता है कि ऐसे में एशिया कप में भी उन्हें खेलने का अवसर शायद ही मिले। इसका कारण है कि टीम प्रबंधन अक्सर ऐसे गेंदबाजों को वरीयता देता है जो बल्ले से भी योगदान दे सकें। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि कुलदीप को टीम में शामिल न करने के कारण ही भारतीय टीम इंग्लैंड में सीरीज़ नहीं जीत पायी। इस पूर्व स्पिनर का मानना है कि अगर कुलदीप टीम में होते तो भारतीय टीम टेस्ट सीरीज जीतती। मनिंदर ने कहा, अगर कुलदीप इंग्लैंड में खेलते, तो भारत 3-1 से जीत जाता। उन्होंने कहा कि हमने जिन गेंदबाजों को चुना था, उनके साथ चौथी पारी में 371 रनों का पीछा करना हमेशा से ही संभव था पर कुलदीप के साथ चीजें अलग होतीं। हमारा चयन जीत के बजाय हार न मानने पर था।

## बिना पसीना बहाए यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई खिलाड़ी, 21 साल बाद दिखा ऐसा नजारा

न्यूयॉर्क(ए.)। यूएस ओपन 2025 के महिला सिंगल्स मुकाबले में एक अप्रत्याशित घटना देखने को मिली, जब डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका बिना खेले ही सेमीफाइनल में पहुंच गईं। क्वार्टर



फाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी, मार्केटा वोंद्रोसोवा, ने मैच से ठीक पहले घुटने की चोट के कारण अपना नाम वापस ले लिया।

इस वॉकओवर के साथ ही ग्रैंड स्लैम के इतिहास में एक अनूठा रिकॉर्ड बन गया। सबालेंका पिछले 21 सालों में और यूएस ओपन के इतिहास में सेमीफाइनल के लिए वॉकओवर पाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। कुल मिलाकर, यह महिला ग्रैंड स्लैम के इतिहास में केवल तीसरा ऐसा मौका है।

चेक गणराज्य की 26 वर्षीय मार्केटा वोंद्रोसोवा ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, मैच से एक दिन पहले अभ्यास सत्र के दौरान वह अपना घुटना चोटिल कर बैठीं। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार, वोंद्रोसोवा इस फैसले के बाद काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपने बयान में कहा, मैंने आज कोर्ट पर उतरने की पूरी कोशिश की, लेकिन वॉर्म-अप के दौरान घुटने में असहनीय दर्द महसूस हुआ। डॉक्टर से सलाह लेने के बाद मैंने इस मुकाबले में न खेलने का फैसला किया।

महिला ग्रैंड स्लैम में इससे पहले 1992 और 2004 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान खिलाड़ियों को सेमीफाइनल के लिए वॉकओवर मिला था। अब इस विशिष्ट सूची में आर्यना सबालेंका का नाम भी जुड़ गया है। खिताब बचाने की प्रबल दावेदार सबालेंका का सामना अब 5 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की वर्ल्ड नंबर-3 खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा।

## आईसीसी एकदिवसीय ऑलराउंडरों की रैकिंग में नंबर एक पर पहुंचे जिम्बाब्वे के रजा

### एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन, टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पंड्या शीर्ष पर बरकरार

दुबई (ए.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रजा के अब 302 रेटिंग अंक हैं। रजा ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडरों अजमतुल्लाह उमरजई 296 अंक और मोहम्मद नबी 292 अंक को पीछे छोड़ा। अब उमरजई दूसरे और नबी तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 92 और नाबाद 59 रनों के अलावा एक विकेट भी लिया था। इससे रजा को बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान का लाभ हुआ है और वह 22वें स्थान पर चले गए हैं।

एकदिवसीय मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में लाभ हुआ है।

पथुम निसांका 654 अंक लेकर बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर आकर 13वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रन बनाये। वहीं जनिथ लियानागे 13 स्थान के लाभ के साथ ही 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में असिथ फर्नांडो छह पायदान के लाभ के साथ ही 31वें स्थान पर और दिलशान मदुशंका आठ स्थान ऊपर आकर 52वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 एकदिवसीय गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ ही कुल 690 अंक हासिल किये हैं। वहीं भारतीय टीम के शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। शुभमन के 784 अंक हैं। वहीं टी20 रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 252 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के मो नबी 231 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नबी ने शारजाह में पिछले हफ्ते तीन मैचों में चार विकेट लिए। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान दो अर्धशतक लगाने के बाद टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 12 स्थान ऊपर आकर 20वें पर पहुंच गए हैं।

## कृष्णा बोले, मैंने तारीफ की थी पर बेवजह भड़क गये थे रुट

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के दौरान उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट की तारीफ की थी पर उसे गलत समझ लिया गया। कृष्णा के अनुसार वह समझ नहीं पाये कि रुट इतने गुस्से में क्यों आ गये थे, इस मैच में रूट और कृष्णा के बीच काफी बहस हुई थी। कृष्णा ने इसी को लेकर से कहा, ''मुझे नहीं पता कि रूट क्यों भड़क गये दी। मैंने तो बस इतना कहा था, 'आप अच्छे लग रहे हो' और इसी से बात बिगड़ गयी। मैंने कई खिलाड़ियों से बात की। मैंने रूट से भी बात की। मैंने पूछा क्या हुआ था तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगा तुमने मुझे गाली दी'। मैंने कहा, 'नहीं, मैंने तो ऐसा कुछ नहीं कहा था'। रूट ने फिर कहा, 'असल में मैं अपने को भी प्रेरित करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए बात बढ़ गयी थी।''

वहीं कृष्णा ने कहा, ''मैं हमेशा से इसे इसी तरह खेलता आया हूं। हर किसी को खासकर उनके जैसे दिग्गज को आज भी अपना सब कुछ झोंकते और टीम के लिए संघर्ष करते देखकर अच्छा लगता है।

## T-20 के नए 'किंग' बने राशिद खान, टिम साउदी को पछाड़कर रचा इतिहास



नई दिल्ली(ए.)। अफगानिस्तान के करिश्माई लेग स्पिनर राशिद खान ने T20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक नया इतिहास रच दिया है। मंगलवार को शारजाह में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले गए एक मुकाबले में राशिद T20I में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया है।

26 वर्षीय राशिद खान ने यह विश्व कीर्तिमान अपने 98वें T20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हासिल किया। यूएई के खिलाफ 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट चटकाते ही उनके नाम 165 T20I विकेट दर्ज हो गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड टिम साउदी के नाम था, जिन्होंने 126 मैचों में 164 विकेट लिए थे। राशिद की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने साउदी से 28 मैच कम खेलकर यह मुकाम हासिल किया है।

### T20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

राशिद खान (अफगानिस्तान) - 165 विकेट
टिम साउदी (न्यूजीलैंड) - 164 विकेट
ईश सोढ़ी (न्यूजीलैंड) - 150 विकेट
शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) - 149 विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (बांग्लादेश) - 142 विकेट

### बतौर कप्तान भी बनाया खास रिकॉर्ड

यूएई के खिलाफ इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही राशिद खान ने बतौर कप्तान T20 क्रिकेट में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। वह यह कारनामा करने वाले दुनिया के पांचवें कप्तान बन गए हैं।

### ओवरऑल T20 में भी राशिद का जलवा

सिर्फ अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि ओवरऑल T20 क्रिकेट (लीग क्रिकेट समेत) में भी राशिद खान का दबदबा कायम है। वह T20 फॉर्मेट में दुनिया में सबसे ज्यादा 664 विकेट ले चुके हैं और महज 26 साल की उम्र में ही उन्हें इस फॉर्मेट का सबसे खतरनाक गेंदबाज माना जाता है।

## डेब्यू मैच में ही इस गेंदबाज के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड, 10.90 की इकॉनमी के साथ लुटाए रन

नई दिल्ली (ए)। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सोनी बेकर को डेब्यू का मौका मिला, लेकिन यह मुकाबला उनके लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं था। इंग्लैंड की ओर से वनडे फॉर्मेट में डेब्यू करते हुए एक ही मैच में सर्वाधिक रन लुटाने का अनचाहा रिकॉर्ड बेकर के नाम दर्ज हो गया। सोनी बेकर ने सात ओवरों में 10.90 की इकॉनमी के साथ 76 रन लुटाए। इस दौरान बेकर एक भी शिकार नहीं कर सके।

बेकर से पहले यह रिकॉर्ड लियाम डॉसन के नाम था, जिन्होंने साल 2016 में पाकिस्तान के विरुद्ध 70 रन दिए थे। इस लिस्ट में डेविड लॉरेंस तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने साल 1991 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू वनडे मैच में 67 रन लुटाए थे। चौथे स्थान पर जॉर्ज स्क्रिमशॉ का नाम है, जिन्होंने साल 2023 में आयरलैंड के खिलाफ 66 रन दिए थे।

लीड्स में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम 24.3 ओवरों में महज 131 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने 13 के स्कोर पर बेन डकेट (5) का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद जो रूट ने टीम के खाते में 14 रन जोड़े।

इंग्लैंड का खेमा निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाता रहा। हालांकि, सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 48 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 54 रन की पारी जरूर खेली, लेकिन टीम को शर्मनाक स्थिति से बाहर नहीं निकाल सके। विपक्षी खेमे से केशव महाराज ने सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि वियान मुल्डर ने तीन शिकार किए।

# मैया संग कन्हैया ने विमान में विराजमान होकर किया नगर भ्रमण

## नर्मदा नगरी में गूंजा हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की का जयघोष

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा नगरों में डोल ग्यारस का पर्व परंपरागतरूप से भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की पदमा एकादशी जिसे डोल ग्यारस भी कहा जाता है। इस मौके पर बुधवार को शहर के करीब दो दर्जन मंदिरों से विमान निकले। नर्मदा तट के श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर में भगवान के श्री विग्रह का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान श्री बालकृष्ण ने अपनी मैया जशोदा जी के साथ विमान में बैठकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान शहर के मुख्य मार्ग जहां से विमान निकल रहे थे उस तरफ से हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की का जय घोष हो रहा था।



### शहर में मुख्य मार्ग से निकले विमान

विमान में बैठे भगवान इस दौरान घाट पूजन के बाद वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचे। नगर के श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री रणछोड़ माँदर, श्री कनक बिहारी माँदर, श्री राम मंदिर राजघाट, श्री सत्यनारायण मंदिर, राम जानकी मंदिर आदमगढ़, सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से विमान सेठानी घाट पर पूजन के बाद यथा स्थान वापस हुए।

### डोल की प्राचीन मान्यता

आचार्य पं अविलाष शर्मा ने बताया कि डोल ग्यारस के अवसर पर विमान निकालने की मान्यता है कि भगवान कृष्ण के जन्म के पश्चात माता यशोदा घाट पूजन करने जाती हैं इसी उपलक्ष में भगवान के विमान को निकाला जाता है पंडित शर्मा ने बताया कि आज ही के दिन भगवान श्री हरि विष्णु शयन काल के दौरान करवट बदलते हैं इसलिए इस एकादशी को पाश्र्व परिवर्तिनी एकादशी कहते हैं।

### इसलिए मनाते हैं डोल ग्यारस

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को डोलं ग्यारस का उत्सव मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन कृष्ण के जन्म के अठारह दिन बाद यशोदा जी ने जात पूजन किया था। उनके सम्पूर्ण कपड़ों का प्रक्षालन किया था। उसी के अनुसरण में ये डोल ग्यारस का त्योहार मनाया जाता है। इसी कारण इस एकादशी को जाल झूलनी एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी में चन्द्रमा अपनी ग्यारह कलाओं में उदित होता है। इस पद्मा एकादशी को व्रत रखा जाता है। किवदंती है की इस दिन विष्णु भगवान शयन करते हुए करवट बदलते हैं इस कारण से इस एकादशी को परिवर्तनी एकादशी भी कहते हैं। ऐसा माना जाता है की भगवान विष्णु हर चातुमांस को अपना बलि को दिया हुआ वचन निभाने के लिए पाताल में निवासकरते हैं।

## डोल ग्यारस के पावन पर्व पर अनेक स्थानों पर हुए भव्य आयोजन

### नगर की प्रमुख मार्ग से होकर नगर भ्रमण हेतु निकले विमान

बनखेड़ी ( निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया शाम 4 बजे भगवान श्री कृष्ण की विशेष पूजा अर्चना कर ढोल धमाके के साथ भगवान श्री कृष्ण के विमान निकाले गए। इस अवसर पर नगर खेड़ापति मोहन बाबू शास्त्री के निवास, श्री राम जानकी पंचायत मंदिर, संजय साहू, मनमोहन पटवा, सहित अभिषेक दुबे सत्यनारायण मंदिर से विमान निकाले गए। नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए श्री कृष्ण की पूजा अर्चना श्री खेड़ापति माता मंदिर में घाट पूजन की गई। इस अवसर पर समाजसेवी बालमुकुंद साहू द्वारा सेल डंडा नृत्य का आयोजन कराया गया। वही मोहन बाबू शास्त्री के निवास पर भजन कीर्तन, सत्यनारायण मंदिर में भजन संध्या का आयोजन एवं रात्रि 9 बजे महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# गांव के नक्शे, चकबंदी नक्शे सहित सभी राजस्व रिकार्ड दुरुस्त रखें - कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

## किसान नरवाई जलाने की बजाय हार्वेस्टर के साथ हैप्पी एवं सुपर सीडर का उपयोग कर नरवाई की थ्रेसिंग करें




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की वह गांव के नक्शे सहित चकबंदी के नक्शे, राजस्व अभिलेख, पुराने नक्शे खसरे के रिकॉर्ड एवं राजस्व रिकार्ड दुरुस्त रखें। आरसीएमएस पोर्टल में राजस्व निराकरण की स्थिति अपडेट रखें। जिससे नर्मदापुरम जिले की स्थिति में आवश्यक सुधार परिलक्षित हो। कमिश्नर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह अपने पीठासीन अधिकारियों के कोर्ट का रिव्यू करें। सभी दांडिक एवं राजस्व प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। उन्होंने इस बात पर सख्त नाराजगी व्यक्त किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पीठासीन अधिकारियों द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों के राजस्व प्रकरण के निराकरण की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और हिदायत दी की सभी राजस्व अधिकारी प्राथमिकता से राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार कोर्ट में प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत हो। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की सभी एसडीएम अपने पीठासीन अधिकारी के कार्यों में कसावट लाए और समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा करते रहे।

# श्री गणेश धाम बाचावानी में श्री गणेश महापुराण का आयोजन

बनखेड़ी (निप्र)। श्री गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर गणेश धाम बचाबानी में 31 अगस्त 2025 रविवार से दिनांक 6 सितंबर 2025 शनिवार तक श्री गणेश महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5:30 तक पूज्य कथावाचक पंडित गौरव शर्मा पिपरिया के मुखारविंद द्वारा किया जा रहा है। उक्त आयोजन समस्त ग्रामवासी गणेशधाम बचावानी की ओर से संपन्न किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री गणेश धाम निवासी व आयोजन समिति के सक्रिय सदस्य राहुल शुक्ला ने बताया श्री गणेश महापुराण का समापन,हवन,भंडारा दिनांक 6 सितंबर दोपहर 1:00 बजे संपन्न होगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधी संतोष पटेल ने गणेश महापुराण के समापन एवं महाप्रसादी ग्रहण करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# नर्मदापुरम में खगोल विज्ञान कार्यशाला का सफल समापन, शिक्षकों को मिला प्रयोगात्मक प्रशिक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि नर्मदापुरम में आयोजित त्रिदिवसीय संभागीय नवाचारी खगोलीय क्रियाशील मॉडलों निर्माण प्रयोग-प्रेक्षण कार्यशाला का समापन समारोह संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा, अध्यक्ष म.प्र. विज्ञान सभा भोपाल सुभाष शर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक भूगोल विभाग डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर प्रो. जवाहर लाल जैन तथा कार्यक्रम समन्वयक दीपक सोनी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।यह कार्यशाला विज्ञान लोकप्रियकरण एवं सामाजिक शोध संस्था रायसेन द्वारा म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के उत्प्रेरण में, शासकीय उत्कृष्ट उमावि नर्मदापुरम के सभागार में 01.09.2025 से 03.09.2025 तक आयोजित की गई। इसमें नर्मदापुरम संभाग से चयनित 55 से अधिक सांदीपनि एवं पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भूगोल और खगोल की पढ़ाई मॉडलों के माध्यम से करने पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, निर्णय लेने की क्षमता और वास्तविक दुनिया से संवाद स्थापित करने की क्षमता बढ़ती है। खगोल विज्ञान मॉडलों का उपयोग शिक्षण प्रक्रिया को सरल और अधिक प्रभावी बनाता है। अध्यक्ष म.प्र. विज्ञान सभा भोपाल सुभाष शर्मा ने कहा कि खगोलीय घटनाओं को मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित करने से प्रतिभागियों को घटनाओं का प्रत्येक पहलू सहजता से समझ में आता है और अंतरिक्ष के कई रहस्य स्पष्ट होते हैं।

# अवैध रूप से खाद विक्रय करने वाले विक्रेता पर हुई सख्त कार्रवाई, दुकान सील

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले में खाद एवं उर्वरकों की कालाबाजारी तथा अमानक खाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी अनुविभागीय अधिकारी नियमित रूप से खाद एवं उर्वरक विक्रेताओं के संस्थानों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई करें। उक्त निर्देशों के परिपालन में, अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी के मार्गदर्शन में बुधवार को तहसीलदार ग्रामीण द्वारा ग्राम बांद्राभान-रायपुर में औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर खाद विक्रेता की दुकान पर निरीक्षण करने पर 78 बोरी यूरिया एवं 92 बोरी डीएपी खाद अधिक कीमत पर अवैध रूप से विक्रय करते हुए पाई गई।

# जमानी के 65 साल पुराने गणेशोत्सव में होगा शास्त्रीय कला का संगम

## देश के प्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुति

इटारसी ( निप्र) इटारसी के पास स्थित ग्राम जमानी में श्री गणेशोत्सव' की गौरवशाली परंपरा इस साल भी जारी है। स्वर्गीय दुबे परिवार द्वारा 1960 के दशक में स्थापित यह महोत्सव, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय कला और संस्कृति का एक भव्य संगम बन चुका है। इस वर्ष भी, देश भर के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से इस उत्सव को और भी खास बनाने जा रहे हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन 5 सितंबर, शुक्रवार को रात्रि 9:30 बजे से दुबे बंधु निवास में शुरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कला प्रेमियों और श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय कलाओं से जोडऩा है।

### कला और संगीत का अद्भुत समागम

इस वर्ष के महोत्सव में कलाकार - शास्त्रीय कथक नृत्य : प्रसिद्ध कथक नृतक अमृत मिश्रा, कथक नृत्यांगना श्रीमती वसुंधरा शर्मा और शिवानी पटेल अपनी शानदार शास्त्रीय कथक नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। अमृत मिश्रा, जो बनारस और लखनऊ घराने के प्रतिष्ठित गुरुओं से शिक्षा ले चुके हैं, अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

### संगीत की शानदार जुगलबंदी

तबला वादक उदय शंकर मिश्रा और आनंद मिश्रा अपनी ताल से कार्यक्रम में जान फूंक देंगे। वहीं, बनारस घराने के प्रख्यात गायक पंडित विशाल मिश्रा सागर' का गायन भक्ति और कला का अद्भुत संगम पेश करेगा।

### पुरस्कार विजेता सारंगी वादन

सारंगी और हारमोनियम पर अनीश मिश्रा संगत देंगे। वे एक पुरस्कार विजेता सारंगी वादक हैं और अखिल भारतीय रेडियो के बी हाई ग्रेड' कलाकार भी हैं।

### स्थापना की गौरवशाली कहानी

आयोजक परिवार के सदस्य प्रभुदयाल दुबे ने बताया कि इस महोत्सव की स्थापना सन् 1960 में स्वर्गीय पुरुषोत्तम लाल दुबे, स्वर्गीय रविशंकर दुबे, स्वर्गीय विजय शंकर दुबे और स्वर्गीय शंभू दयाल दुबे ने की थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मंच पर देश के कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी है, जिसमें एक अनूठा इतिहास भी छिपा है। प्रभुदयाल दुबे के अनुसार, 1960 में पहली गणेश वंदना एक मुस्लिम गायक उस्ताद आदिल खां झांसीवाले ने की थी। इसके बाद हैदराबाद के शेख दाऊद के तबले पर विदिशा के गंगाप्रसाद पाठक ने गायन की प्रस्तुति दी थी। इस महोत्सव में उस्ताद अहमद जान तिरकवा, अल्लारक्खा खां, किशन महाराज, उस्ताद विलायते खां और प्रसिद्ध नृत्यांगना सितारा देवी जैसे महान कलाकार भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इतना ही नहीं, अभिनेता गोविंदा की मां निर्मला देवी भी शास्त्रीय गायन के लिए कई बार जमानी आ चुकी हैं।आयोजन समिति के पवन कुमार दुबे, गगन कुमार दुबे, हेमंत दुबे ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य उनके यशस्वी पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाना और भक्ति, कला और संस्कृति को एक ही मंच पर लाना है।

# 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के 4.54 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

नर्मदापुरम ( निप्र)। सोमवार को जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 23 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। इस दिवस पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 4,54,950 बच्चों एवं 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं (गर्भवती एवं धात्री को छोड़कर) को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। उक्त संबंध में जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में आयोजित बैठक में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला समन्वयक रामविजय सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 400 मि.ग्रा. एल्बेंडाजोल की आधी गोली पीसकर स्वच्छ पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को पूरी एक गोली पीसकर पानी के साथ तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ दी जाएगी।जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू ने बताया कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत कुल 99,766 बच्चे 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग (आंगनबाड़ी केंद्रों से), 1,24,321 बच्चे 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग (सरकारी एवं निजी विद्यालयों से), 6,171 बच्चे 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग (केंद्रीय विद्यालयों से), 383 बच्चे मदरसों से, 1,35,182 बच्चे 11 से 19 वर्ष आयु वर्ग (सरकारी एवं निजी विद्यालयों से), 88,363 बच्चे 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग (आउट ऑफ स्कूल), तथा 764 अपंजीकृत बच्चे कृमिनाशक दवा सेवन करेंगे।

# भारतीय किसान संघ की अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न, खाद संकट एवं मूंग खरीदी भुगतान एवं अन्य समस्याऐं के शीघ्र निराकरण पर चर्चा की

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय किसान संघ जिला नर्मदापुरम् की जिले के विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक अपर कलेक्टर देवेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । भारतीय किसान संघ के संभागीय प्रचार प्रसार प्रमुख उदयकुमार पाण्डेय नें बताया कि वर्ततमान में किसान संबंधी निम्न समस्याएं व्याप्त है, खाद का संकट व्याप्त है, मूंग उपार्जन का भुगतान नहीं हुआ है, जिनकी चर्चा अधिकारियों से की गयी है अधिकारियों नें समस्याओं को बिंदुबार सुनकर तत्काल निराकरण करनें का आश्वासन किसान संघ को दिया ।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अपर कलेक्टर, डीडीए, सहकारिता विभाग, सहकारी बैंक, पशुपालन,बिजली विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग,फसल बीमा कंपनी भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत,शंकरसिंह पटैल, उदयकुमार पाण्डेय, रजत दुबे, शिवमोहन सिंह, मंगलसिंह राजपूत, गुलाब सिंह लौवंशी, ग्यारसा पटेल, राजकुमार राजपूत,राजेश दीवान,विनोद दुबे, श्यामशरण तिवारी, कन्हैया राजपूत,गोपाल मीणा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# पोषण अभियान अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

नर्मदापुरम( निप्र) संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी के निर्देशन में बुधवार को संभाग के जिला बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम में कार्यरत समस्त जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक (डीसी/बीसी) का पोषण अभियान अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया।क्षेत्रीय समन्वयक, एम्स भोपाल मनोज चौहान ने उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम (MMBASK-CMAM) के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इसमें बच्चों का सही-सही शारीरिक माप (वजन, लंबाई/ऊंचाई) लेने, बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने तथा शुद्ध व सटीक आंकड़े संपर्क एप में दर्ज करने की जानकारी दी गई।

# मातृ मृत्यु निगरानी ऐप का प्रशिक्षण संपन्न

*नर्मदापुरम (निप्र)। मातृ, प्रसवकालीन एवं नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से डीटीसी नर्मदापुरम में 3 सितंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत और सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले के निर्देशन में किया गया।प्रशिक्षण में समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, डीपीएम कविता भोई, डीसीएम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम कॉर्डिनेटर, मैट्रन, नर्सिंग ऑफिसर, बीपीएम, बीसीएम एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। राज्य स्तर से आए विशेषज्ञ अभिलाषा बकला एवं शाहीन खान (स्टेट प्रोग्रामर) ने प्रतिभागियों को एमपीडीएसआर (Maternal and Perinatal Death Surveillance and Response) एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर प्रशिक्षित किया। एमपीडीएसआर ऐप का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु की निरंतर समीक्षा और निगरानी के माध्यम से उन मौतों को रोकना है जिन्हें भविष्य में टाला जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर कारणों की पहचान की जाती है तथा निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक अनुशंसित कार्रवाई की जाती है। इस प्रशिक्षण से स्वास्थ्य विभाग की टीम को मातृ मृत्यु की रोकथाम में तकनीकी दक्षता प्राप्त होगी तथा जिला स्तर पर मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने में मदद मिलेगी।*

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा/785535/2025/NIT No./897 भोपाल, दिनांक : 03.09.2025

**परिवहन कार्य अवधि वर्ष 2025-27 हेतु प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2025-27 हेतु परिवहन कार्यों की ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling , Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से जिलो/रैकपाइन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
01. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन
02. LRT (सामान्य)
03. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाइन्ट
04. HLRT ( बारदाना) रैकपाइन्ट
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 ( 9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat ) पर सम्पर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/121876/2025 **महाप्रबंधक(परिवहन)**

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम में स्कूल कैबिनेट का गठन, छात्रों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ



नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज एक गरिमामय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सत्र 2025-26 के लिए नवगठित स्कूल कैबिनेट ने शपथ ग्रहण की। इस भव्य समारोह में विद्यालय की प्राचार्य मोना चटर्जी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सैश और बैज पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती चटर्जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह आप सभी में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करेगा। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को उनके नए उत्तरदायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस समारोह में स्कूल कैबिनेट के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा के लिए एजुकेशन मिनिस्टर और डिसिप्लिन मिनिस्टर का भी चयन किया गया। कार्यक्रम जनरल मैनेजर सोनल सोखी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, उप-प्राचार्या लक्ष्मी पलोहिया एवं समस्त शिक्षकगण ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम प्रभारी महिंदर कौर एवं प्रियंका महरोत्रा रहीं।

### स्कूल की नवनिर्वाचित मुख्य कैबिनेट

- स्कूल कैप्टन: आर्या त्रिपाठी
- वाइस कैप्टन: आराध्य शर्मा, सूर्यांश सिंह ठाकुर
- स्पीकर: भव्या चौबे
- डिप्टी स्पीकर: अन्वी तिवारी

विभिन्न सदनों (हाउसेस) के पदाधिकारी:

सुभाष चंद्र बोस हाउस:
- हाउस कैप्टन: नैंसी मालवीय
- डिप्टी हाउस कैप्टन: सन्तोष सूर्यवंशी
- हाउस मास्टर/मिस्ट्रेस: भूपेन्द्र बड़कुर, श्रीमती प्रियंका कुशवाहा

रवीन्द्रनाथ टैगोर हाउस:
- हाउस कैप्टन: वैभव शिर्के
- डिप्टी हाउस कैप्टन: तनिष्का बमनोटिया
- हाउस मास्टर/मिस्ट्रेस: लोकेश कपारिया, सुश्री आयुषी अग्रवाल

स्वामी विवेकानंद हाउस:
- हाउस कैप्टन: अंशुमान चटर्जी
- डिप्टी हाउस कैप्टन: भविष्य चौरे
- हाउस मास्टर/मिस्ट्रेस: सत्यम सन्तोरे, श्रीमती प्रियंका कुशवाहा

अरबिंदो हाउस:
- हाउस कैप्टन: अनुष्का मालवीय
- डिप्टी हाउस कैप्टन: दर्श बाजोरिया
- हाउस मास्टर/मिस्ट्रेस: निमिष कुरेले, सुश्री जया तिवारी

अन्य प्रमुख मंत्री:
- स्पोर्ट्स मिनिस्टर: आयुष्मान चटर्जी, डिप्टी: आर्या मालवीय
- लैंग्वेज मिनिस्टर : सानिध्य मालवीय, डिप्टी: खुशी सरकार
- कल्चरल मिनिस्टर: याशिका मांझी, डिप्टी: द्वारकेश पटेल
- एनवायरनमेंट मिनिस्टर: रुद्र प्रताप सिंह झारिया, डिप्टी: आरजू खान
- स्वच्छ भारत अभियान एम्बेसडर: कशिश चौहान, डिप्टी: देवांश सेन
- ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर: वैभव अग्रवाल, डिप्टी: विश्वजीत सिंह चौहान

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*